Date __/__/____




# राख की रस्सी

## पाठ - 9



Date 1/4/21



→राख की रस्सी



Saathi

अप्रैल Date 3 . 4 . 2021

शब्द अर्थ

1. हाज़िरजवाबी - जवाब देने में कुशल
2. सीधा-सादा = भोला
3. वरना = अन्यथा
4. सिल = पत्थर का टुकड़ा
5. जौ = गेहूँ की तरह का एक पौधा जिसके दानों का आटा बनता है।
6. हल = उपाय
7. चकित = हैरान
8. धरी रह गई = रखी रह गई।
2 सीधा-सादा = भोला
8 धरी रह गई = चतुराई काम न आना

1 नीखल हाजिर जवाबी के लिए मशहूर (प्रसिद्ध) थे।

2 राम एक सीधा-सादा बच्चा है।

3 गृहकार्य करो, वरना अध्यापिका डाँटेगी।

4 सिल के टुकड़े को तराश कर मूर्ति बनाई जाती है।

5 जौ को पीसने से आटा बनता है।

6 अध्यापक ने 10 प्रश्न हल करने के लिए दिए।

Page No.



Saathi

Date

7 मोर के सुन्दर पंखों को देखकर मैं चकित रह गया।

8 अध्यापक के सामने बच्चों की चालाकी धरी रह गई।

Page No.

Saathi

सोमवार Date 5 . 4 . 21

वाक्य :- तिब्बत पर पाँच (5) लिखिये।

1. तिब्बत मध्य एशिया में कुनलुन एवं हिमालय के मध्य स्थित है।

मध्य एशिया, धर्म, चीन, छत, ल्हासा, भाषा

2. यह बौद्ध धर्म के लिए प्रासिद्ध है, और दलाई लामा तिब्बत के प्रमुख धर्म गुरु हैं।

3. धोखे से चीन ने तिब्बत पर कब्जा जमा लिया था। आज तिब्बत चीन के अधिकार क्षेत्र में है।

तिब्बत की राजधानी ल्हासा है।

4. जब चीन ने तिब्बत पर हमला किया उसे पहले तिब्बत की राजधानी ल्हासा थी।

5. ऊँचे- ऊँचे पहाड़ों (पठारों) की वजह से तिब्बत को "दुनिया की छत" भी कहते हैं।

6. तिब्बत की भाषा तिब्बतिन थी।





Saathi

Date __/__/__

# कठिन शब्द

32 बत्तीस

राजा सौनगव सैन

लोनपो गार

तिब्बत

दुनिया की छत - तिब्बत

मंगलवार
Date 06/04/2021
भोला-भाला

प्रश्न-1 तिब्बत के मंत्री अपने बेटे के भोलेपन से चिंतित रहते थे।

(क) तुम्हारे विचार से वह किन-किन बातों के बारे में सोच कर परेशान ~~होत~~ होते थे?

उत्तर हमारे विचार से वे सोचते होंगे की उनका बेटा आगे चलकर अपनी ज़िम्मेदारी कैसे उठायेगा और अपना जीवनयापन किस तरह करेगा।

(ख) तुम तिब्बत के मंत्री की जगह होते तो क्या उपाय करते?

उत्तर मैं तिब्बत के मंत्री की जगह होता तो अपने बेटे को ~~प्र~~ प्यार से समझाता। और उसका मार्गदर्शन करता।

शहर की तरफ

प्रश्न। "मंत्री ने अपने बेटे को शहर की तरफ रवाना किया।"



Date __/__/__

(क) मंत्री ने अपने बेटे को शहर क्यों भेजा?

उत्तर मंत्री ने अपने बेटे को शहर की ओर दुनियादारी समझने के लिए शहर भेजा था।

(ख) उसने अपने बेटे को भेड़ों के साथ शहर में ही क्यों भेजा?

उत्तर उसने अपने बेटे को भेड़ों के साथ शहर में इसलिए भेजा क्योंकि वह उसे ~~कुछ~~ कुछ चतुर और समझदार ~~बना~~ बनाना चाहता था।

Saathi

Date 07/04/2021

प्रश्न-1 नीचे कहानी से कुछ वाक्य दिए गए हैं। इन बातों को तुम किस तरह से कह सकते हो-

(क) चैन से ज़िंदगी चल रही थी।
- ज़िंदगी आराम से कट रही थी।

(ख) होशियारी उसे छूकर भी नहीं गई थी।
- वह होशियार नहीं था।

(ग) मैं इसका हल निकाल ~~देती~~ देती हूँ।
- मैं इसके लिए उपाय बता देती हूँ।

(घ) उनकी अपनी चालाकी धरी रह गई।
- उनकी अपनी चालाकी किसी काम नहीं आई।

प्रश्न-2 लोनपो गार का बेटा होशियार नहीं था।

(क) "होशियार" और चालाक" में क्या फर्क होता है? किस आधार पर किसी को तुम चालाक ~~कह~~ या होशियार कह सकते हो? इसी प्रकार 'भोला' और बुद्धू के बारे में भी सोचो और कक्षा में चर्चा करो।





Saathi

Date

उत्तर होशियार से तात्पर्य है-समझदार होना। जबकि चालाक का अर्थ है- अत्यधिक चतुर होना। जो व्यक्ति दूसरों से काम निकलवाने के लिए तरह-तरह की बातें करता है, उसे हम चालाक कहते हैं। वहीं जो व्यक्ति समझदारी की बातें करता है उसे समझदार कहते हैं, इसी प्रकार 'भोला' का अर्थ है- सीधा-साधा होना जबकि बुद्धू का अर्थ बेवकूफ है। (बेवकूफ)

(ख) लड़की को तुम समझदार कहोगे या बुद्धिमान? क्यों? बुद्धिमान

उत्तर लड़की को हम बुद्धिमान कहेंगे, क्योंकि अपनी बुद्धि के बल पर वह हर समस्या का समाधान आसानी से ढूंढ रही थी।

प्र. जौ एक तरह का अनाज है जिसे कई तरह से इस्तेमाल किया जाता है। इसकी रोटी बनाई जाती है; सत्तू बनाया जाता है। कुछ और अनाजों के नाम लिखो।

उत्तर गेहूँ जौ

बाजरा चना
मक्का सोयाबीन

Saathi

Date 08.04.2021

सही उत्तर चुनो

1) लोनपो गार तिब्बत के ____ राजा सोनगवस्तेन गांपो के मंत्री थे।

इक्कीसवें
बत्तीसवें ✓
तीसवें
दूसरे

2) लोनपो गार की चिंता का कारण कौन था?

राजा
पुत्र ✓
बुढ़ापा
पत्नी

3) लोनपो गार ने लड़की को कितने हाथ लम्बी राख की रस्सी बनाने को कहा था?

आठ हाथ
दस हाथ
नौ हाथ ✓
सात हाथ





Saathi

Date __/__/__

4) लोनपो गार के बेटे की मदद किसने की थी

राजा ने
माँ ने
एक सैनिक ने
एक लड़की ने ✓

5) भोला का विलोम शब्द क्या है?

डरपोक
बहादुर
चतुर ✓
आलसी

6) दिए गए वाक्य में से नाम वाला शब्द कौन सा है? "लोनपो गार अपनी हाजिरजवाबी के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध था।"

प्रसिद्ध
हाजिरजवाबी
लोनपो गार ✓
दूर-दूर

Saathi

Date __/__/____

नायमा, डावा, मिगमार, लाखपा, फुरबू, फु दोरजे - ये क्या है ? कोई खाने की चीज़ या घूमने की जगहों के नाम। जी नहीं, ये है तिब्बती ~~बच~~ बच्चों के कुछ नाम है। ये सारे नाम तिब्बत में शुभ माने जाते है। 'नायमा' नाम दिया जाता ~~जब~~ रविवार को ~~जन्म~~ जन्म लेने वाले बच्चों को। मानते है कि इससे बच्चों को उस दिन का देवता सूरज जैसी शक्ति मिलेगी और जब-जब उसका नाम पुकारा जाएगा, यह शक्ति बढ़ती जाएगी। सोमवार को जन्म लेने वाले बच्चो का नाम डावा रखा जाता है। यह लड़का या लड़की दोनों का नाम हो सकता है। तिब्बती भाषा मे डावा ~~के~~ के दो अर्थ होते है: सोमवार और ~~च~~ चाँद यानि डावा चाँद जैसी रोशनी फैलेगी और अंधेरा दूर करेगी। तिब्बत में बुद्ध के स्त्री-पुरुष रूपों पर भी नामकरण करते है, खासकर दोलमा बहुत मिलता है। यह बुद्ध के स्त्री रूप तारा का ही तिब्बती नाम है।





Saathi

# राख की रस्सी

शुक्रवार
Date 9/5/2024

प्रश्न: मंत्री ने बेटे से कहा - "पिछली बार भेड़ों के बाल उतार कर बेचना मुझे ज़रा भी पसंद नहीं आया।" क्या मंत्री को ~~सच~~ सचमुच यह बात पसंद नहीं आई थी? अपने उत्तर का कारण भी बताओ

उत्तर: मंत्री को यह तो बहुत पसंद आया था, कि उसका बेटा दिया काम कर आया है। लेकिन जब उसे पता चला होगा कि यह काम उसके बेटे के स्थान पर एक लड़की ने किया है, तो बहुत दुख हुआ होगा। वह अपने बेटे को समझदार और चालाक बनाना चाहता था। ~~ले~~ लेकिन लड़की के कारण ऐसा हो नहीं पाया।

Saathi

गृहकार्य -

संज्ञा

परिभाषा - जिस शब्द से किसी भी व्यक्ति, वस्तु, स्थान, जाति, भाव या दशा के नाम का बोध हो उसे संज्ञा कहते हैं।

विकासशील

भारत एक ~~विकासशील~~ देश है।
नरेन्द्र मोदी भारत के सज्जन नेता हैं।
गंगा एक पवित्र नदी है।
~~कुरान इसलाम का पवित्र ग्रन्थ है~~
हिमालय, नामदायक पर्वत है।

व्यक्ति वाचक संज्ञा -
जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति
विशेष ~~प्राणी~~ प्राणी
विशेष स्थान
विशेष वस्तु,
का बोध हो उन्हीं व्यक्ति वाचक संज्ञा कहते हैं।



Saathi

जैसे -

सुरेश (व्यक्ति का नाम)
आगरा (स्थान का नाम)
बाइबल (किताब का नाम)
ताजमहल (इमारत का नाम)
एम्स (अस्पताल का नाम)

जातिवाचक संज्ञा -
जो शब्द एक ही जाति के विभिन्न
व्यक्ति,
प्राणियों
स्थानों
वस्तुओं का बोध कराती है उन्हें जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे -

कुत्ता
गाय
हाथी
~~मनुष्य~~ मनुष्य
पहाड़ आदि।
यह शब्द एक ही जाति के प्राणियों, वस्तुओं एवं ~~स्थानों~~ स्थान का बोध करा रहे हैं।

शाख की रस्सी:

सोमवार 12 4 2021

गेहूँ और जो अनाज होते हैं और यह तीनों शब्द संज्ञा हैं। 'गेहूँ' और 'जौ' अलग अलग किस्म के अनाजो के नाम हैं इसलिये यह दोनों व्यक्तिवाचक संज्ञा और 'अनाज' जातिवाचक संज्ञा है। इसी प्रकार 'रिमझिम' *

क नीचे दी गई संज्ञा का विर्गीकरण इन दो प्रकार की संज्ञाओं मे करो-

लोहा - व्यक्तिवाचक संज्ञा
धातु - जातिवाचक
शेरवानी - व्यक्तिवाचक
भोजन - जातिवाचक
ताँबा - ~~जातिवाचक~~ व्यक्तिवाचक
खिचड़ी - व्यक्तिवाचक
शहर - जातिवाचक
वेशभूषा - जातिवाचक

धातु - सोना
चाँदी
हीरा

भोजन - लड्डू
पूरी
आलू



शहर - जम्मू
गुजरात
तमिलनाडु

वेशभूषा - कमीज़
शेरवानी
लहंगा

मंगलवार
13-4-2021

प्रश्न- पठार क्या होता है?
उत्तर- पठार जमीन के ऐसे भाग को कहते हैं जो मैदान से ऊँचा और पहाड़ से नीचा होता है।

* व्यक्तिवाचक संज्ञा है और 'पाठ्यपुस्तक' जातिवाचक संज्ञा है।

# पाठ - २

Date 19.4.2021

## फसलों का त्यौहार -

प्रश्न-1 संथाल लोग और ओरांव कौन होते है?

उत्तर - संथाल मुण्डा जनजाति के लोगो को कहते है। यह झारखंड, असम, उड़िसा, बंगाल और नेपाल, भूटान मे भी रहते है। इनकी भाषा संथाली है।

संथाल लोग फरवरी - मार्च मे बसंत का ~~आगमन~~ आगमन सरहुल पर्व के रूप मे बनाते है। यह पर्व प्रक्रति को समर्पित है।


ओरांव भारत की प्रमुख जन-जाति है। यह भारत केन्द्रीय और पूर्वी राज्यो तथा बंगलादेश के निवासी है। इनकी भाषा कुड़ुख है। मार्च - अपरैल (अप्रैल) के माह मे सारहुल नामक पर्व मनाते है। यह नये साल के आगमन का पर्व है। इस दिन प्रकृति की पूजा की जाती है। नये कपडे पहने जाते है। सामूहिक नृत्य का कार्यक्रम होता है।





Date 20.4.2021

## फसलों का त्योहार -



Saathi

Date __/__/__

कठिन शब्द

1. गरमाहट
2. चापाकल
3. होरसा
4. अईसन
5. फरमाईशी
6. तिलकुट
7. संक्रांति
8. आदिवासी
9. जनजातियाँ
10. घाटिया
11. आशीर्वादी
12. कुमाऊ
13. घुघुतियाँ

शब्द-अर्थ

1. बोरसी - अंगीठी 7. सुस्ताना - आराम
1. बोरसी - अंगीठी करना
2. लापता - गायब 8. मध्य - बीच
3. अंदाज - तरीका 9. प्रांतो - राज्यों
4. प्रणाम - नमस्कार 10. इजहार - प्रकट
5. फरमाइशी - मनपसंद 11. पाला - ठंड
6. चाव - शौक





Saathi

Date __/__/__

12. जोशो-खरोश - धूमधाम
13. जश्न - उत्सव
14. खुशनुमा - सुहावना
15. नृत्य - नाच
16. आशीर्वादी - शुभ
17. सैलाब - भीड़
18. ठिठुरते - कांपते
19. बफीले - ठंड
20. ढंग - तरीका

Date 23/4/2021

फसलों का त्योहार -
मौसम का अंदाज़:

प्रश्न-1 "खिचड़ी में अइसन जाड़ा हम कब्बो न देखनी"। यहाँ तुम 'खिचड़ी' से क्या मतलब निकाल रहे हो?

उत्तर - यहाँ खिचड़ी से मतलब मकर-संक्रांति से है।

प्रश्न-2 क्या कभी ऐसा हो सकता है कि सूरज बिलकुल ही न निकले?

अगर ऐसा हो तो ......... अपने साथियों के साथ बातचीत करके लिखो।

उत्तर- अगर सूरज न निकले तो चारों ओर अँधेरा रहेगा और ठंड भी अधिक हो जाएगी।

प्रश्न-3 बाहर देखने से समय का अंदाज़ा क्यों नहीं हो पा रहा था? जिनके पास घड़ी नहीं होती वे समय का अनुमान किस तरह से लगाते हैं?

उत्तर- बाहर सूरज नहीं निकला था, इसलिए समय का अंदाज़ा नहीं हो रहा था। जिसके पास घड़ी नहीं



होती, वे समय का अनुमान सूरज को देखकर लगाते हैं।

तुम्हारी ज़ुबान

प्रश्न-4 इन वाक्यों को अपनी घर की भाषा में लिखो।

- "आज ई लोग के उठे के नइखे का?
- आज ये लोग उठेंगे नहीं?
- "जा भाग कर देख केश के पत्ते आईल की ना?
- जा भाग कर देख केले के पत्ते आए की नहीं।

Saathi

Date 24/4/2021

फसलों का त्योहार:

अन्न के बारे में।

प्रश्न-1 (क)- फसल के त्योहार का 'तिल' का बहुत महत्व होता है। तिल का किन-किन रूपों में इस्तेमाल किया जाता है? पता करो।

उत्तर तिल का विभिन्न प्रकारों से इस्तेमाल किया जाता है - जैसे-

1. तिल की मिठाइयाँ बनाई जाती हैं।
उदाहरण ~~उधारण~~- तिलकुट, तिल के लड्डू
2. तिल का तेल भी बनता है।
3. तिल के तेल से ~~मिठाइयाँ~~ दवाइयाँ भी बनती हैं।

प्रश्न 2 (ख) तुम जानते हो कि तिल का तेल बनता है? और किन ~~चीज~~ चीज़ों ~~का~~ से तेल बनता है और कैसे? हो सके तो तेल की दुकान में जाकर पूछो।

उत्तर तिल के अतिरिक्त निम्न चीज़ों से तेल बनता है-





Saathi

Date / /

1. नारियल
2. सरसों
3. आँवला
4. मूंगफली
5. बादाम
6. फूलों से तेल बनता है, यह तेल मशीनों द्वारा निकाला जाता है।

Saathi

Date 26/5/2021

फसलो का त्योहार -

प्रश्न① मकर-संक्रांति का त्योहार कहां-कहां मनाया जाता है?

उत्तर- मकर-संक्रांति का त्योहार -
उत्तर प्रदेश
बिहार
मध्य प्रदेश में मनाया जाता है। इसे तिल-संक्रांति भी कहते है।

प्रश्न② बीहू त्यौर कौन से राज्य में मनाया जाता है?

उत्तर बीहू त्योहार असम में मनाया जाता है।

प्रश्न③ केरल में फसलों से संबंधित कौन सा त्योहार मनाया जाता है?

उत्तर केरल में फसलों से संबंधित ओणम त्योहार मनाया जाता है।

प्रश्न④ पोंगल किस राज्य का त्योहार है?

उत्तर पोंगल तमिलनाडु ~~के~~ ~~[illegible]~~ ~~का~~ राज्य का प्रमुख त्योहार है।

प्रश्न⑤ पंजाब मे फसलों से जुडा हुआ कौन सा त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है?

उत्तर पंजाब फसलों से जुडा हुआ त्योहार बैसाखी मनाया जाता है।

Page No.



Saathi

Date __/__

भारत के राज्य और उनकी राजधानियाँ !

| | राज्य का नाम | राजधानी |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र-प्रदेश | अमरावती |
| 2 | अरुणाचल-प्रदेश | ईटानगर |
| 3 | असम | दिसपुर |
| 4 | बिहार | पटना |
| 5 | गोवा | पणजी |
| 6 | गुजरात | गांधीनगर |
| 7 | हिमाचल-प्रदेश | शिमला |
| 8 | हरियाणा | चंडीगढ |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर, जम्मू (अब केन्द्र शासित है) |
| 10 | कर्नाटका | बंगलुरु |

Page No.

Saathi

Date __/__/____

| | | |
|---|---|---|
| 11 | केरल | तिरुवंतपुरम |
| 12 | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 13 | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 14 | मणिपुर | इंफाल |
| 15 | मेघालय | शिलांग |
| 16 | मिज़ोराम | आइज़ोल |
| 17 | नागालैंड | कोहिमा |
| 18 | ओड़िशा | भुवनेश्वर |
| 19 | पंजाब | चंडीगढ़ |
| 20 | राजस्थान | जयपुर |
| 21 | सिक्किम | गंगटोक |
| 22 | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 23 | त्रिपुरा | अगरतला |

Page No.



Saathi

Date __/__/____

| | | |
|---|---|---|
| 24 | उत्तर-प्रदेश | लखनऊ |
| 25 | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 26 | छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| 27 | उत्तराखंड | देहरादून |
| 28 | झारखंड | रांची |
| 29 | तेलंगाना | हैदराबाद |
| | केन्द्रीय शासित प्रदेश | राजधानी |
| 1 | दिल्ली | नई दिल्ली |
| 2 | चंडीगढ़ | चंडीगढ़ |
| 3 | ~~[illegible]~~ लक्ष्यद्वीप | ~~कवारत्ती~~ कवरत्ती |
| 4 | लदाख | लेह |
| 5 | जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर (ग्रीष्मकालीन) जम्मू (शीतकालीन) |
| 6 | दादरा और नगर हवेली और दमन दीव | (सिलवासा) दमन (पुरानी) |

Page No.

Saathi

Date

केन्द्रीय शासित प्रदेश राजधानी

7 पुडुचेरी पुडुचेरी

8. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पोर्ट ब्लेयर





Saathi

Date 28.4.2021

फसलों का त्योहार -

प्रश्न-1 ~~सरहु~~ सरहुल पर्व कहाँ मनाया जाता है?
उत्तर सरहुल का पर्व झारखंड मे मनाया जाता है।

प्रश्न-2 पतंग का पर्व कौन ~~[illegible]~~ से राज्य में मनाया जाता है?
उत्तर पतंग का पर्व गुजरात राज्य मे मनाया जाता।

प्रश्न-3 झारखंड में सरहुल का त्योहार कितने दिनों तक मनाया जाता है?
उत्तर- सरहुल का त्योहार 4 दिनो तक मनाया जाता है।

प्रश्न-4 सरहुल त्योहार में किस वृक्ष की पूजा की जाती है?
उत्तर सरहुल त्योहार मे 'साल' के पेड़ की पूजा की जाती है।

प्रश्न-5 'पोंगला पोंगल, पोंगला पोंगल' के स्वर कब सुनाई देते हैं?
उत्तर तमिलनाडु मे पोंगल त्योहार के दिन चावल, दूध और गुड डालकर उसे पकाने के लिए धूप मे रख देते है जैसे ही दूध मे उफान आता है और दूध चावल ~~[illegible]~~

Saathi

Date __/__/____

से बाहर गिरने लगता है तो "पोंगला-पोंगल, पोंगला-पोंगल के स्वर सुनाई देते हैं।

प्रश्न-6 गुजरात में दिन पतंगें सूरज को भी ढक लेती हैं आपको पता है उस दिन कौन सा त्योहार होता है?

उत्तर गुजरात में मकर-संक्रांति का त्योहार पतंगों के पर्व के रूप में मनाया जाता है। इस दिन सभी लोग इतनी पतंग उड़ाते हैं कि सूरज भी ढक जाता है।

प्रश्न-7 कुमाऊं में मकर सक्रांति को किस नाम से जाना जाता है?

उत्तर कुमाऊं में मकर-सक्रांति को घुघुतिया नाम से जाना जाता है।

प्रश्न-8 "खिचड़ी" से क्या तात्पर्य है?

उत्तर दाल और चावल से मिलकर बनने वाले व्यंजन को खिचड़ी कहते हैं।

प्रश्न-9 भारत के सभी प्रान्तों में किस माह में फसलों से जुड़े त्योहार मनाया जाते हैं

उत्तर जनवरी माह के मध्य में भारत के सभी फसलों से जुड़े त्योहार मनाये जाते हैं।





Saathi

Date __/__/____

प्रश्न-10 दादी के बाल कैसे लग रहे थे?

उत्तर दादी के बाल सफेद सेमल की रुई जैसे लग रहे थे।

प्रश्न-11 घर में चहल-पहल क्यों थी?

उत्तर घर में चहल-पहल मकर-संक्रांति के त्योहार के कारण थी।

प्रश्न-12 पोंगला-पोंगल का क्या तात्पर्य है?

उत्तर पोंगला-पोंगल का तात्पर्य है - खिचड़ी में उफ आ गया।

प्रश्न-13 कॉलम 'क' में दिए गए राज्यों को कॉलम 'ख' में दिए गए त्योहारों से मिलाए

| क | ख |
|---|---|
| बिहार | मकर-संक्रांति (तिल संक्रा |
| असम | बिहु |
| केरल | ओणम |
| तमिल-नाडु | पोंगल |
| पंजाब | लोहड़ी |
| झारखंड | सरहुल |

रिक्त स्थानो की पूर्ति करो-

1- सारा दिन बोरसी के आगे हाथ तापते हुए गुज़र जाता है।

2- आज सुबह तो रज़ाई से निकलने की हिम्मत ही नहीं हो रही थी।

3- सामने मचिया पर खादी की साड़ी पहने दादी बैठे हुई थी।

4- वैसी खिचड़ी फिर दुबारा खाने को नहीं मिली

5- झारखंड में सरहुल बड़े जोशो-खरोश से मनाया जाता है।





पाठ - 3

## खिलौने वाला-

सुभाहु

प्रश्न-1 ताड़का कौन थी?

उत्तर- ताड़का एक राक्षसी थी। अपने पुत्रों मारीच और सुबाहु के साथ मिलकर वह साधुओं को परेशान करती थी। श्री रामचंद्र और लक्ष्मण ने उसका वध किया।

प्रश्न-2 कौशल्या कौन थी?

उत्तर- कौशल्या श्री रामचंद्र जी की माँ थी। उनके पति का नाम दशरथ था। वह अयोध्या की पटरानी थी।

Saathi

Date 29.4.2024

खिलौनेवाला-

प्रश्न-1 नीचे दिए गए भाव कविता की जिन पंक्तियों में आए हैं, उन्हें छाँटो-

(क) खिलौने वाला साड़ी नहीं बेचता है।
उत्तर कभी खिलौनेवाला भी माँ क्या साड़ी ले आता है।

(ख) खिलौनेवाला बच्चों को खिलौने लेने के लिए आवाज़ लगा रहा है।
उत्तर ज़ोर-ज़ोर वह रहा पुकार।

(ग) मुझे कौन-सा खिलौना लेना चाहिये- उसमें माँ की सलाह चाहिये।
उत्तर कौन खिलौना लेता हूँ मैं, तुम भी मन में करो विचार।

(घ) माँ के बिना कौन-मनाएगा और गोद में बिठाएगा?
उत्तर तो कौन मना लेगा, कौन प्यार से बिठा गोद में।

कविता में कथा।





Saathi

Date / /

प्रश्न-2 इस कविता में तीन नाम - राम, कौशल्या और ताड़का आए हैं।

क- ये तीनो नाम किस प्रसिद्ध कथा के पात्र है?
उत्तर यह तीनों नाम 'रामायण' की प्रसिद्ध कथा के पात्र हैं।

ख- यहीं रहूँगा कौशल्या मैं तुमको यहीं बुलाऊँगा। इन पंक्तियों का कथा से क्या संबंध है?
उत्तर बच्चा अपनी माँ के पास ही रहना चाहता है जबकि श्री रामचंद्र अपनी माँ से दूर चले गए थे।

ग- इस कथा के कुछ संदर्भों की बात कविता में हुई है। अपने आस-पास पूछकर इनका पता लगाओ,

* तपसी यज्ञ करेंगे, असुरों को मैं मार भगाऊँगा।
उत्तर श्री रामचंद्र ने ऋषि-मुनियों की तपस्या सफल कराने के लिए राक्षसों का वध किया था।

* तुम कह दोगी वन जाने को हँसते-हँसते जाऊँगा।

उत्तर श्री रामचंद्र अपने माता-पिता के कहने पर खुशी-खुशी 14 वर्ष के वनवास पर चले गए थे।

नए शब्द:

सुन्दर भली तीर-कमान वन
तलवार मचल फिरकी लोटा-थाली
धन मनचाही साड़ी
धनुष मोटर रेलगाड़ी
बाली गोद सीटी.
लोटा-थाली (लोटा और थाली)

शब्द-अर्थ।

1. बाली- ~~काम~~

| शब्द | अर्थ | वाक्य |
|---|---|---|
| 1. बाली | कान का गहना | सीता की बाली सोने की है |
| मचल | ज़िद ज़िद | बच्चे खिलौने के लिए मचल रहे है। |
| 3. मनचाही | पसंदीदा | हिंदी मेरी मनचाही ~~पुस्तक~~ हो भाषा |
| 4. वन | जंगल | वन को हरा सोना कहा जाता है। |
| 5. भली | अच्छी | मेरी बहन बहुत भली है। वह मेरा ख्याल रखती है। |





| | शब्द | अर्थ | वाक्य |
|---|---|---|---|
| 6. | विचार | सोच | हमें सकारात्मक विचार रखने ~~चाहिये~~ चाहिएँ। |
| 7 | पुकार | बुलावा | माँ बच्चे को पुकार रही है और बच्चा मुस्कुरा रहा है। |
| 8 | असुर | राक्षस | ताड़का एक भयानक असुर थी, वह लंका में रहती थी। |
| 9 | चीज़ें | वस्तु | मेले में बहुत सुंदर चीज़ें थी, बच्चे मचल रहे थे। |

सोमवार
Date 10/5/2021

## खिलोनेवाला

प्रश्न- संथाल लोग और ओरांव लोग कौन थे?

उत्तर- संथाल जनजाति भारत का सबसे बड़ा आदिवासी सुमुदाय है। वे मुख्य रूप से झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और असम राज्यों में रहते हैं। संथाल भारत के जातीय समूहों में सबसे पिछड़े हुए हैं।

ओरॉव या 'कुड़ख' भारत की एक प्रमुख जनजाती है। ये भारत के केन्द्रीय एवं पूर्वी राज्यों मे तथा बंगलादेश के निवासी हैं। इनकी भाषा का नाम भी 'उरॉव' या 'कुड़ख' है जो द्रविड़ भाषा परिवार से सबन्धित है।



पाठ - 7

बुधवार
Date 19/5/2021

## 'नन्हा फ़नकार'

### कठिन शब्द

1. संगतराश - पत्थर तराशने वाले साथी
2. महीन - नफीस - बारीक कारीगरी
3. पुश्तैनी - पैतृक, पूर्वजों की
4. नेक इंसान - भला आदमी
5. तल्खी - बेरुखी से, अभद्र ढंग से
6. मँझोला - मध्यम आकार का
7. अंगरखा - घुटनों तक पहनी जाने वाली पोशाक
8. मुआयना - निरीक्षण
9. बुदबुदाना - धीमी आवाज़ में बोलते जाना
10. छेनी - हथौड़ा - औज़ार
11. उकेरना - उभारना।
12. अधबनी - आधी बनी, अधूरी
13. नक्काशी - कलाकारी
14. किरचें - पत्थर के छोटे-छोटे टुकड़े
15. छितरा - बिखेरे
16. आँखें सिकोड़ना - आँखें ज़ोर से मूँदना
17. हाँफना - तेज़ी से साँस लेना
18. भौंचक - चकित, मुँह खोले हुए
19. ज़ुर्रत - दुःसाहस
20. बदहवासी - बिना समझे
21. कातर - डरा सहमा हुआ
22. ~~खीझना~~

Date __/__/__


23. खीजकर - नाराज होकर
24. असमंजस - दुविधा, अनिर्णय की स्थिति
25. अंदाज - तरीका
26. सकपकाजाना - असमंजस में पड़ जाना
27. डलिया - परात, तगारी
28. गम्भीरता - ध्यानपूर्ण, गहरा, गहन
29. आहिस्ता - धीरे से
30. ~~आड़ा~~ अनाड़ी - अनिपुण, बेहुनर
31. फौरन - जल्दी से, फटाफट
32. त्योंरियाँ चढ़ना - भौंहें चढ़ाना, नाराजगी जताना
33. असहमति जताना - अस्वीकृति प्रकट करना
34. इत्मीनान - तसल्ली से
35. कौतूहल - जिज्ञासा से
36. फ़नकार - कलाकार
37. कारखाना - कार्यशाला, काम करने की जगह
38. सल्तनत - साम्राज्य
39. शिल्पकार - मूर्ति बनाने वाले कलाकार
40. कंधा थपथपाना - शाबासी देना
41. प्रसिद्ध - मशहूर, लोकप्रिय
42. संतान - औलाद
43. उनींदी - नींद भरी
44. लाड़ला - प्यारा
44. संदेह - शंका, शक
45. पहरेदार - चौकीदार



3

Date 20.5.2021 गुरुवार

बादशाह अकबर के ऊपर पाँच वाक्य लिखो।



अकबर का पूरा नाम जलालुद्दीन मोहम्मद अकबर था। उनका जन्म 1542 को अमरकोट के किले में हुआ था। अकबर की माता हमीदाबानू बेगम तथा पिता का नाम हुमायूं था। 14 फरवरी 1556 को राजसिंहासन पर आसीन होते ही अकबर को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा।

शूरता और साहस में उनकी तुलना सिकन्दर महान और नेपोलियन बोनापार्ट से की जाती है। शासन में यह सम्राट अशोक जैसे थे। अकबर के दरबार में नौ-रत्न थे। जिनमें बीरबल और अब्दुल रहीम खानखाना प्रमुख थे। अकबर ने 'दीने-इलाही' नामक एक पुस्तक लिखी; जिसमें सब धर्मों के प्रति समान भाव था। अकबर के प्रमुख सेना-पति का नाम बैरमखाँ को 'वकील ए सल्तनत' भी कहा जाता है। अकबर की पत्नी का 'जोधा बाई' और पुत्र का नाम जहांगीर था।


अकबर एक कलाप्रेमी सम्राट थे। उन्होंने चित्रकला, संगीत कला नक्काशी को प्रोत्साहित किया। ईरानी चित्रकला के साथ-साथ हिन्दू शैली के चित्र को भी स्थान दिया।

Saathi

Date ___/___/___

आगरा के किले के ऊपर ५ वाक्य लिखो और उस
चित्र बनाओ।

फतेहपुर सीकरी का नाम पहले फतेहबाद था, यह मुगलों की राजधानी रही। गुजरात पर विजय पाकर लौटते समय अकबर ने 'सीकरी' का नाम 'फतेहपुर ~~सीकरी~~' यानी विजय नगरी रख दिया, जिसे आज हम फतेहपुर सीकरी के नाम से जानते है। इसे अकबर के सपनों की नगरी भी कहते है। इसे १५ वर्षों मे योजना तैयार करके अकबर ने बनाया था। यह आगरा से लगभग ३५ किलो मीटर दूर है।







Saathi

Date ___/___/___

प्रश्न-1 "माशा अल्लाह! यह घंटियाँ कितनी सुंदर है। तुमने यह खुद बनाई है?" बादशाह अकबर ने बात इसलिए कही होगी-

क, केशव के काम की बारीख में।
ख, यह जानने के लिए कि घंटियाँ कितनी सुन्दर है
ग, केशव से बातचीत शुरू करने के लिए।
घ, घंटिया किसने बनाई, यह जानने के लिए।
ङ, क्योंकि उन्हे यकिन नहीं हो रहा था १० साल का बच्चा केशव इतनी सुन्दर घंटियाँ बना सकता है।
च, कोई और कारण जो तुम्हे ठीक लगता हो।

उत्तर बादशाह अकबर ने यह बात इसलिए कही होगी-क्योंकि उन्हें यकीन नहीं था कि १० साल का बच्चा कैसे इतनी सुन्दर घंटियाँ बना सकता है। कहानी से

प्रश्न-2 अकबर को पहरेदार की दखलंदाजी अच्छी क्यो नहीं लगी?

उत्तर अकबर को पहरेदार की दखलंदाजी इसलिये अच्छी नहीं लगी, क्योंकि वे चाहते थे कि केशव बिना संकोच उससे अपने और अपनी कलाकारी (कला) के विषय मे बातचीत करे।

प्रश्न-3 "लगता है कोई बहुत बड़ा आदमी है," यहाँ पर 'बड़े आदमी' से केशव का क्या मतलब है?

उत्तर यहाँ पर बडे आदमी से केशव का मतलब कि

50 L

Saathi

Date __/__/__

उच्च पद वाले या अमीर व्यक्ति से है।

प्रश्न-4 "खरगोश की-सी कातर आँखे"
पशु पक्षियो से तुलना करते हुए भी बहुत-सी बाते कही जाती है। जैसे 'हिरन जैसी चाल'। ऐसी ही कुछ उदाहरण तुम भी बताओ।

उत्तर
1) शेर जैसी दहाड।
2) मोरनी जैसी गर्दन।
3) कोयल की आवाज।
4) हिरनी-सी चाल।
5) हाथी जैसी मतवाली चाल।

प्रश्न-5 अकबर ने जब नक्काशी सीखना चाहा, तो केशव ने उन्हे सन्देहभरी नजरो से क्यो देखा?
अकबर एक बहुत बड़े बादशाह थे। जब उन्होंने नक्काशी सीखना चाहा, तो केशव ने उन्हे इसी कारण संदेहभरी नजरों से देखा।

बादशाह अकबर बहुत बड़े सम्राट थे, इसलिए उनको यह काम शोभा नहीं देता था। इस वजह से केशव ने बादशाह अकबर को संदेहभरी नज़रो से देखा और इससे पता चलता है कि बादशाह अकबर बहुत ही कलाप्रेमी थे।

Page No.

50 R

Saathi

Date __/__/__

प्रश्न 6 केशव दस (10) साल का है। क्या उसकी उम्र के बच्चों का इस तरह के काम से जुड़ना ठीक है? अपने उत्तर के कारण जरूर बताओ।

उत्तर केशव दस साल का है। उसकी उम्र के बच्चों का इस तरह के काम से जुड़ना ठीक नहीं है, क्योंकि इतनी उम्र के बच्चों को पढाई-लिखाई करने के बाद ही ऐसे काम करने चाहिये।

प्रश्न 7 "केशव बार-बार सबको सुनाता।" केशव सबको क्या कहता होगा? कल्पना करके अपने शब्दो मे लिखो।

उत्तर केशव सबसे कहता होगा कि, मुझसे तो बादशाह मिलने आए थे। क्या तुमसे कभी बादशाह मिलने आए हैं? उन्होने तो मुझे शाबाशी भी दी है, क्योंकि मैंने उन्हे नक्काशी सिखाई थी।

Page No.

शुक्रवार
Date 21.5.2021

Saathi

'नन्हा फ़नकार'
आना जाना

प्रश्न=1 केशव के पिता गुजरात से आगरा आकर बस गए थे। हो सकता है तुम या तुम्हारे कुछ साथियों के माता-पिता भी कहीं और से आकर बस गए हों। बातचीत करके पता लगाओ कि ऐसा करने के क्या कारण हो सकते हैं?

उत्तर= ज़्यादातर कारणों में रोजगार, नौकरी या व्यापार की वजह से ही लोग एक जगह से दूसरी जगह आकर बस जाते हैं।

प्रश्न=2 केशव पत्थर पर घंटियाँ तथा कड़ियाँ तराश रहा था। उसके द्वारा तराशी जा रही घंटियाँ और कड़ियाँ का चित्र अपनी कॉपी पर बनाओ। तुम्हें क्या कोई खास इमारत याद आ रही है जिसमें नक्काशी की गई हो। संभव हो तो उसकी तस्वीर चिपकाओ।

उत्तर= ताजमहल, अक्षरधाम, बिड़ला मंदिर ऐसे हैं, जिसमें सुन्दर नक्काशी देखने को मिलती है।

शब्दों की निराली दुनियाँ

प्रश्न=3 नक्काशी जैसे किसी काम को चुनो (बढ़ाईगिरी, मिस्त्री इत्यादि) जिसमें औज़ारों का इस्तेमाल होता है। उन खास औज़ारों के नाम पता करके लिखो।

उत्तर ~~बढ़ाईगिरी~~ में प्रयोग होने वाले औज़ार के नाम
बढ़ईगिरी इस प्रकार है:-



Saathi

आरी-(लकड़ी काटने के लिए)
हथौड़ा-(कील ठोकने के लिए)
रंदा-(लकड़ी घिसने के लिए (लकड़ी))
जमूर-(कीलें उखाड़ने के लिए)

प्रश्न=4 हो सकता है कि तुम्हारे इलाके मे इन चीजों और कामों के लिए अलग किस्म के शब्द इस्तेमाल होते हों। उन पर बातचीत करो।

उत्तर= हथौड़ी- हथौड़ा
वार्निश - पॉलिश
डोरी - सूत
फीता- इंच टेप
लेवेल पाइप- समतल पाइप
एंगल 90 डिग्री - नब्बे का कोण

प्रश्न=5. "लड़के ने जल्दी-जल्दी कोई प्रार्थना बुदबुदाई"। रेखांकित शब्दों और नीचे लिखे शब्दो में क्या अंतर है? वाक्य बनाकर अंतर स्पष्ट करो।

उत्तर= बुदबुदाना का अर्थ है- मन ही मन में कुछ बोलना, जबकि फुसफुसाना, बड़बड़ाना तथा भुनभुनाना में कुछ आवाज़ भी बाहर सुनाई देती है।
बुदबुदाना- नौकर धीरे-धीरे बुदबुदाया।
फुसफुसाना - मंत्री फुसफुसाकर कुछ बोले।
बड़बड़ाना - राम गुस्से में बड़बड़ाने लगा।
भुनभुनाना- रामू, बेवजह भुनभुनाना सही नहीं है।

Saathi

Date __/__/____

प्रश्न=6 "बेवकूफ, खड़ा हो। हुजूरे आला के सामने बैठने की जुर्रत कैसे की तूने! झुककर सलाम करो इन्हें।" महल के पहरेदार ने केशव से यह इसलिए कहा, क्योंकि-

उत्तर क, बादशाह के सामने बैठे रहना उनका अपमान करने जैसा था।

ख, पहरेदार यह कहकर अपनी वफादारी दिखाना चाहता था।

ग, पहरेदार को बादशाह के आने का पता नहीं चला, इसलिए वह घबरा गया था।

घ, बादशाह का केशव से बात करना पहरेदार को अच्छा नहीं लगा।

उत्तर महल के पहरेदार ने केशव से यह इसलिए कहा, क्योंकि वह अपनी वफादारी दिखाना चाहता था।



शनिवार

Saathi

Date 22/4/2022

'नन्हा फनकार'

प्रश्न-? 'कटाव' शब्द 'कट' क्रिया से पैदा हुआ है। नीचे लिखी संज्ञाएँ किन क्रियाओं से बनी हैं? इन संज्ञाओं का अर्थ समझो और वाक्य में प्रयोग करो।

चुनाव, पड़ाव, बहाव, लगाव

उत्तर

| संज्ञाएँ | क्रिया प्रत्यय | वाक्य |
|---|---|---|
| चुनाव | चुन+आव | राजू कल चुनाव में भाग लेगा। |
| पड़ाव | पड़+आव | अगला पड़ाव बहुत कठिन है। |
| बहाव | बह+आव | नदी का बहाव बहुत तेज है। |
| लगाव | लग+आव | हर बच्चे को अपनी माँ से लगाव होता है। |

पाठ-3



गुरुवार
Date 27/5/2021

खिलौनेवाला

खिलौनेवाला शब्द संज्ञा में 'वाला' जोड़ने से बना है। नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित हिस्सों को ध्यान से देखो और संज्ञा, क्रिया आदि पहचानो।

- पानवाले की दुकान आज बंद है। (संज्ञा)
- मेरी दिल्लीवाली मौसी बस कंडक्टर है। (संज्ञा) (विशेषण)
- महमूद पाँच बजे वाली बस से आएगा। (विशेषण)
- नंदू को बोलने वाली गुड़िया चाहिये। (क्रिया) (विशेषण)
- दाढ़ीवाला आदमी कहाँ है? (संज्ञा) (विशेषण)
- इस सामान को ऊपर वाले कमरे में रख दो। (क्रिया विशेषण)
- मैं रात वाली गाड़ी से जम्मू आऊँगा। (विशेषण), (विशेषण)

पाठ-5




Date 21/6/2021
नाम - निकिता शर्मा
कक्षा - पाँचवी 'अ'
सदन - शिवानी

जहाँ चाह वहाँ राह

मलमली कपड़े

24-6-2021
गुरुवार

जहा चाह वहाँ राह



शुक्रवार

Date २५/६/२०२१

जहाँ चाह वहाँ राह

इला सचनी

१ इला सचनी एक किसान की बेटी है।
२ इला गुजरात के सूरत जिले में रहती है।
३ उसके हाथ काम नहीं करते।
४ वह सारा काम अपने पैरों से करती है।
५ वह अपने बाल भी अपने पैरों से बनाती है। इला फल सब्जी काटने जैसे तमाम काम अपने पैरों से ही करती है।
६ वह अपने पैरों से बड़े ही सुन्दर तरीके से सूई धागे का काम करती है।



Date 21/6/2021

नाम [illegible] शर्मा

कक्षा - पाँचवी

जहाँ चाह वहाँ राह

२६-६-२१ शनिवार

शब्द अर्थ

१ टाँका - हाथ की सिलाई
२ अनूठी - अनोखी
३ मिसाल - उदाहरण
४ बटोरकर - इकट्ठे करना
५ पेंगें - झूले को जोर लगा कर चलाना
६ बुहारना - साफ करना, झाड़ू लगाना
७ तरकारी - सब्जी
८ घुटने टेकना - हार मान जाना
९ कशीदाकारी - हाथ से की जाने वाली कढ़ाई
१० काढ़े - बनाई
११ नवीनता - नयापन

जहाँ चाह वहाँ राह

प्रश्न-२ इला या इला जैसी कोई लड़की यदी तुम्हारी कक्षा में दिखला लेती तो तुम्हारे मन में कौन-कौन से प्रश्न उठते

उत्तर यदि इला जैसी कोई लड़की हमारी कक्षा में दाखिला लेती तो मेरे मन में कुछ इस प्रकार के प्रश्न उठते जैसे - वह लिखेगी कैसे? कक्षा में खाना-पीना कैसे खाएगी? किताब के

पन्ने कैसे पलटेगी? अपने खुद के काम कैसे करती होगी?

---

मंगलवार — कार्यपत्रक - १

२६/६/२१ नाम- [illegible]

प्रश्न= नीचे लिखे गद्यांश को पढ कर प्रश्नों के उत्तर दे।

उत्तर- छब्बीस साल की इला गुजरात के सूरत जिले में रहती है। उनका बचपन अमरेली जिले के राजकोट गाँव में अपने नाना के यहाँ बीता।
साँझ होते ही मोहल्ले के बच्चे घरों से बाहर आ जाते। कुछ मिट्टी में आडी-तिरछी लकीरें खीचते, कुछ कनेर के पत्तों से पिटपिटी बजाते, कुछ गट्टे खेलते, कुछ इधर-उधर से टूटे-फूटे घडो के ठीकरे बटोरकर पिट्ठू खेलते। जब इन खेलो से मन भर जाता तो पेड़ की डालियों पर झूला डालकर ऊँची-ऊँची पेंगे लेते और ऊँचे स्वर में एक साथ गाते- वंचे नीम की निंबोरी,
सावन जल्दी आइयो रे।

१ इला का संबंध किस राज्य से है?

उत्तर ~~भारत~~, इला का संबंध भारत के गुजरात राज्य से है।

२ इला कितने वर्ष की है?

उत्तर इला छब्बीस वर्ष की है।





३ इला का बचपन किस रिश्तेदार के यहाँ गुजरा?

उत्तर इला का बचपन अपने नाना के यहाँ बीता।

४ योजक चिन्ह वाले किन्हीं तीन शब्दों को ढूंढ कर लिखें?

उ० इधर-उधर, टूटे-फूटे, और आडी-तिरछी।

५ मोहल्ले के बच्चे किस तरह के खेल खेलते हैं।

मोहल्ले के बच्चे साँझ होते ही कुछ इस प्रकार के खेल खेलते- कुछ मिट्टी की आडी-तिरछी लकीरें खींचते, कुछ कनेर के पत्तों से पिटपिटी बजाते, कुछ गट्टे खेलते, कुछ इधर-उधर से टूटे-फूटे घड़ों के ठीकरे बटोरकर पिट्ठू खेलते और जब इन खेलों से मन भर जाता तो पेड़ की डालियों पर झूला डालकर ऊँची-ऊँची पेंगे लेते।

30/6/21
बुधवार



"जहाँ चाह वहा राह"

प्रश्न-1 इस लेख को पढ़ने के बाद क्या तुम्हारी सोच में कुछ बदलाव आया?

उत्तर हाँ, इस लेख को पढने के बाद मेरी सोच मे बदलाव आया। पहले मैं सोचता था कि शारीरिक विकलांगता हो तो हम जीवन में आगे नहीं बढ सकते। लेकिन इला की कहानी को पढने के बाद मुझे लगा कि अगर इंसान मे दृढ इच्छा शक्ति हो और वह कुछ करने की ठान ले तो उसके रास्ते भी अपने-आप खुलते जाते हैं। बस उसे निरंतर प्रयास करते हुए, अपनी सकारात्मक सोच के साथ चलना होगा।

प्रश्न-2 उसे यह परेशानी न हो इसके लिए अपने विद्यालय में क्या तुम क्या तुम कुछ बदलाव सुझा सकते हो?

उत्तर इला का बस्ता स्कूल में ही रखवाने की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके बैठने की व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए ताकि उसे अपने पैरों के अंगूठों से लिखने और खाना खाने में ज़्यादा परेशानी ना हो। ज़्यादातर चीजे इला की पहुँच में ही रखी होनी चाहिए। लिखने का समय ज़्यादा देना चाहिए और





परीक्षा में उपस्थित होने पर एक सहायक का प्रबंध भी होना चाहिए।

मैं भी कुछ कर सकती हूँ...

प्रश्न-3 यदि इला तुम्हारे विद्यालय में आए तो उसे किन-किन कामों में परेशानी आएगी?

उत्तर यदि इला हमारे विद्यालय में आएगी, तो उसे कुछ इस प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, जैसे-
जल्दी-जल्दी लिखना,
अपनी किताबे बस्ते से निकालना,
अपना सामान उठाना,
कोई खेल खेलना और बस में चढने-उतरने में आदि परेशानी होगी।

सवाल हमारे, जवाब तुम्हारे

प्रश्न-4 इला को लेकर स्कूल वाले चिंतित क्यों थे? क्या उनका चिंता करना सही था या नहीं? अपने उत्तर का कारण लिखो।

उत्तर स्कूल वाले इला की सुरक्षा और उसके काम करने की धीमी गति को लेकर चिंतित थे। उनका चिंता करना सही था, क्योंकि ऐसे बच्चे अपनी सुरक्षा स्वयं नहीं कर सकते और ना ही परीक्षा के समय जल्दी लिख पाते हैं।

प्रश्न ५ इला की कशीदाकारी में खास बात क्या थी?
उत्तर इला काठियावाड़ी कशीदाकारी में माहिर हो चुकी थी। उन्होंने काठियावाड़ी टाँकों के साथ-साथ और भी कई टाँके जैसे - चिकनकारी, कांथा, कसुती और जंजीर का प्रयोग किया उन्होंने लखनऊ और बंगाल की कढ़ाई के तरीकों का भी प्रयोग किया। इन सब के प्रयोग से जो पारंपरिक डिजाइन चली आ रही थी उसमें नयापन आ गया, जिससे इला की कशीदाकारी सब को अच्छी लगी और उन्हें बहुत प्रशंसा मिली।

प्रश्न ६ इला दसवीं की परीक्षा पास नहीं कर सकी, क्योंकि...
उत्तर लिखने की गति धीमी होने के कारण वह प्रश्न-पत्र पूरे नहीं कर पाती थी।

कशीदाकारी
प्रश्न ७ पाठ में सिलाई-कढ़ाई से संबंधित शब्दों की सूची?
१ कसूती के टाँके
२ काठियावाड़ी कशीदाकारी
३ चिकनकारी
४ बूटियाँ
५ सूई- धागा
६ भरवां टाँका
७ कांथा टाँका
८ उल्टी बखिया
९ जंजीर टाँका
१० बेल-बूटियाँ
११ बेल - बूटे



जम्मू-कश्मीर
१ जुलाई, २०२१

प्रिय इला
मधुर स्मृतियाँ।

मैंने तुम्हारी कहानी पढ़ी और तुम्हें यकीन नहीं होगा कि कहानी पढ़ते समय ही मेरे रोंगटे खड़े हो गए और आँखों में आँसू झलक गए। आजतक मैं समझता था कि किसी भी इंसान को जिंदगी में कुछ हासिल करने के लिए सबसे पहले शारीरिक प्रबलता की जरूरत होती है, परंतु तुम्हारी सफलता ने मुझे गलत साबित कर दिया। तुम्हारे दृढ़ संकल्प और प्रबल इच्छा शक्ति के सामने मैं झुक कर नमन करता हूँ। तुमने यह साबित कर दिया कि अगर कोई भी इंसान अपने मन में कुछ भी हासिल करने की ठान ले तो वह उसे पा सकता है। उम्मीद करता हूँ कि तुम अपने दोस्तों की सूची में शामिल अवश्य करोगी।

तुम्हारा हितैषी -
अखिलेश।


3/7/2021
शनिवार

कक्षा = पाँचवी                विषय - इला की कशीदाकारी

पाठ = जहाँ चाह वहाँ राह


प्रश्न-1 कढ़ाई के भिन्न प्रकार के टाँकों के चित्र बनाओ।

उत्तर- भरवाँ टाँका    उल्टी बखिया    सीढ़ी टाँका




मछली टाँका

प्रश्न-2 मनपसंद डिज़ाइन बनाओ और रंग भरो।



ज़ंजीर टाँका

उल्टी बखिया

उल्टी



5/7/21
सोमवार

# जहाँ चाह वहाँ राह

3. नीचे दी गई सूची में से किन्हीं दो संबंधित शब्द (संज्ञा और क्रिया दोनों ही) इकट्ठा करो।

फुटबॉल, बुनाई, बागबानी, पतंगबाजी

उत्तर-

फुटबॉल

| संज्ञा | क्रिया |
|---|---|
| फुटबॉल | खेलना |
| खेल | दौड़ना |
| मैदान | उछालना |
| खिलाड़ी | फेंकना |
| गोल | मारना |
| रेफ़री | |

बुनाई (ऊन)

| संज्ञा | क्रिया |
|---|---|
| ऊन | उखाड़ना |
| कपड़ा | सिलाई |
| सूई | कढ़ाई |
| धागा | उभारना |

बागबानी

| संज्ञा | क्रिया |
|---|---|
| मिट्टी | जुताई |
| खुरपी | निराई |
| बीज | गुड़ाई |
| पानी | रोपाई |
| फूल | कटाई |
| खाद | छंटाई |
| पौधा | |
| अनाज | |

पतंगबाजी

| संज्ञा | क्रिया |
|---|---|
| पतंग | काटना |
| धागा | पकड़ना |
| बाँस | उड़ाना |
| चक्करी | खींचना |
| पिन्ना | लपेटना |
| छत | दौड़ना |
| हवा | |

७/७/२२
गुरुवार

पाठ - ६



# चिट्ठी का सफर

## चिट्ठी का इतिहास

चिट्ठी का इतिहास मानव सभ्यता के साथ ही फला-फूला है। प्राचीन भारत मिस्र, रोम और चीन में पत्र व्यवहार के संकेत मिलते हैं।

प्राचिन काल में पत्र धातु, तख्ती, चमडे और ताड पत्तों पर लिखे जाते थे, राजा और विद्वान आदि अपने विचार एवं अपने आदेश सुदूर किसी व्यक्ति को बताने के लिए पत्र व्यहवार करते थे। पत्र भेजने के लिऐ कबुतर आदि जानवरों का प्रयोग भी किया जाता था।

विद्वान

आधुनिक काल में डाक सेवा व्यवसाय रूप में सामने आया और आविष्कार हुआ डाक टिकट का। डाकिया एक महत्वपूर्ण व्यक्ति था जो डाक लेजाने और देने का काम करता था।

टैलीग्राम के आविष्कार के बाद पत्र ~~व्यवहार~~ व्यवहार तीव्र गति से होना सम्भव हो सका। अब संचार क्रांति के समय में इंटरनेट के माध्यम से लंबे से लंबा पत्र कुछ ही पलों में अपने गणतव्य तक पहुंच



सकता है। इसे ई-मेल (electronic mail) कहा जाता है। यह आजतक का सबसे सरल और ~~विश्वसनीय~~ लाभप्रद माध्यम है।

10/7/21
सोमवार



## चिट्ठी का सफ़र

पत्र

~~श्याम कश्मीर~~ 1. विकास नगर, जम्मूनगर
~~1श्4/20्4~~ 12/01/2021

प्रिय नित्या,

तुम्हारा 17 जनवरी का पत्र मिला। तुम प्रतियोगिताओं में भाग ले रही हो, यह पढ़कर बड़ा अच्छा लगा। लेकिन एक ध्यान में रखना - जीतने पर घमंड से बचना और ~~प्रथम~~ प्रथम ने आने पर मन छोटा मत करना। जीत महत्वपूर्ण है लेकिन अपनी पूरी क्षमता से प्रतियोगिता में भाग लेना भी अपने आप में एक उपलब्धि है। तुमने सेट्स एवं डॉलर की फरमाइश की है, जरूर लाऊँगा लेकिन मेरा ख्याल है कि घर पर अमरीकी सिक्के तथा नोट होने चाहिए। अस्मिता का दाखिला तुम्हारे स्कूल में हो गया, ये अच्छा हुआ। अब तुम्हें एक दूसरे से भिड़ंत और स्नेह का आदान-प्रदान करने के लिए शाम का इंतज़ार नहीं करना पड़ेगा। अस्मिता को





अंग्रेजी लहजे में बोलने का शौक बुरा नहीं, बस एहतियात ये रखो कि हिन्दी बोलो तो हिन्दी, अंग्रेजी बोलो तो अंग्रेजी, हर वाक्य में दो भाषाओं की खिचड़ी अधकचरेपन की निशानी है। सिर्फ चला-कवा तालमेल होना चाहिए। यहाँ बर्फ पिघल गई है। बसंत आने को है, बसंत के स्वागत में कौन-सा राग गाते हैं- मैं नहीं जानता। अस्मिता को आशीर्वाद।

सस्नेह
नरेन्द्रनाथ

सस्नेह
नरेन्द्रनाथ

13/7/21

मंगलवार Date

## चिट्ठी का सफर

प्रश्न1) ज़ंस्कार जगह के बारे में पाँच वाक्य लिखे।

उत्तर1) ज़ंस्कार कारगिल में एक खूबसूरत घाटी है।

2) ज़ंस्कार घाटी का यह नाम वहाँ बहने वाली ज़ंस्कार नदी के नाम पर पड़ा है।

3) यहाँ बौद्ध धर्म के मंदिर हैं।

4) सर्दियों में यहाँ पारा 0 से 30 डिग्री नीचे लुढ़क जाता है।

5) सड़क मार्ग से जाते हुए मनोरम दृश्य मन मोह लेता है। जोजेला दर्रा (पास) पार कर यहाँ जाया जा सकता है

उत्तर द्वितीय विश्व युद्ध 1939 से 1945 तक चला। सम्पूर्ण विश्व दो भागों में बंट गया। मित्र राष्ट्र और धुरी राष्ट्रों में बंट गया। इस युद्ध में 70 देशों के दस करोड़ सैनिकों ने हिस्सा लिया। यह इतिहास का सबसे बड़ा संघर्ष और नर संहार था। इससे दुनिया की तीन % आबादी समाप्त हो गई।

* वर्साय संधि का उलंघन कर जर्मनी ने सैन्य शक्ति बढ़ा ली जो मित्र राष्ट्रों जैसे * को रास न आया और हिटलर ने युद्ध की घोषणा कर दी। इटली और जापान ने उसका साथ दिया।

* ब्रिटेन फ्रांस और [illegible] अमरीका




Date

इस युद्ध को रोकने में संयुक्त राष्ट्र संघ भी विफल रहा।

इस युद्ध में अमरीकी राष्ट्रपति ने जापान के खिलाफ परमाणु बम के उपयोग की मंजूरी दे दी जिसमें से एक 6 अगस्त 1945 को जापान के शहर हिरोशिमा पर गिराया।

तीन दिन बाद एक और बम नागासाकी पर गिरा दिया गया। कोई भी देश इस तरह के हमलों का सामना नहीं कर सकता था। अतः जापान ने 14 अगस्त 45 को आत्मसमर्पण कर दिया।

जापान के आत्मसमर्पण के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध का अंत हो गया।



मुख्य तिथियाँ

1. 1939—1945 के बीच चला युद्ध
2. 6 अगस्त 1945 को हिरोशिमा पर बम गिराया गया
3. 9 अगस्त 1945 को नागासाकी पर बम गिराया गया।

% प्रतिशत

Page No.

कबूतरों को संदेश वाहक के रूप मे प्रशिक्षित करना आसान पर परिश्रम वाला काम है और समय भी लगता है।

कबूतर की सौ मील दूर से अपने घर (कबूतर खाना) वापिस आने की क्षमता उसे इस कार्य के लिये उपयुक्त बनाती है।

कबूतर को पहले 5 मील दूर ले जाते है और छोड देते है। भूखा प्यासा कबूतर अपना घर ढूंढ लेता है और वापस आ जाता है धीरे - धीरे यह दूरी बडाई जाती है और कबूतर प्रशिक्षित हो जाता है।

प्रशिक्षित होने के बाद उसके पैरों मे संदेश बाँध दिया जाता है और वह उसे लेकर उड जाता है और संदेश पहुँचा देता है।



## चिट्ठी का सफर



5/7/21

बुधवार

Date __/__/__

75

# चिट्ठी का सफर

## शब्द अर्थ

1) जिंदगी - जीवन - Life
2) स्थान - जगह (स्थान) - Place
3) निरंतर - लगातार - Regular
4) दुर्गम - कठिन - Hard
5) सफर - यात्रा - Travel
6) गंतव्य - पहुंचने का स्थान - Destination
7) गौर से - ध्यान से - Carefully
8) भौगोलिक - भूगोल से संबंधित - Geographical
9) जाहिर है - स्पष्ट है - Clear
10) हरकारे - पैदल चलकर संदेश पहुंचाने वाले - Runner
11) दिलचस्प - मजेदार - Interesting
12) चिट्ठी - पत्र - Letter
13) इम्तिहान - परीक्षा - Exam
14) इमारत - भवन - Building
15) इकट्ठा - एक साथ - Together
16) जरूरत - आवश्यकता - Need
17) मुख्यालय - प्रधान कार्यालय - Head office
18) प्रजाति - किस्म - Species
19) प्रशिक्षित - अच्छी तरह से सीखे हुए - Trained
20) प्रवासी - अपने देश या शहर से दूर रहने वाले

Date __/__/__

76

- Migrant

कबूतरों में एक विशेष गुण होता है कि वो अपने घर तक लौटने में सक्षम होते हैं। यह कारण है इन्हें सन्देशवाहक, एवं सैन्य गतिविधियों के लिए प्रयोग में लाया जाता है। ऐसे कबूतरों को हवलदार एवं 'वॉर पिजन' के नाम से जाने जाते हैं। आज से करीब 2000 साल पहले पारसियों और रोमन लोगों ने कबूतरों का प्रयोग संदेश दूतों के रूप में किया।

36

आज कल की तरह संचार सेवा प्रधान न होने के कारण पुराने जमाने में कबूतर के माध्यम से ही संदेश पहुंचाए जाते थे।

कबूतरों का प्रशिक्षण तभी शुरू हो जाता है जब वह 6 सप्ताह के हो जाते हैं। अपने स्थानों को ~~चिह्नित~~ चिन्हित करना तथा उड़ने की दिशा का चयन करना सिखाया जाता है। रामपुर में कई नसल के कबूतर पाए जाते हैं, जैसे कि हरियल, गोला, याहू कापुचिन आदि। कबूतर बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं के समय संचार की सेवाएं प्रदान करते हैं।

Page No.

15.7.21
गुरुवार



Date __/__/__

# चिट्ठी का सफर

## शब्द-अर्थ

1) गिरहबाज - कलाबाज
2) डुमर - कबूतर की प्रजाति
3) प्रशिक्षित - सिखाया हुआ
4) प्रवासी - दूसरी जगह के रहने वाले
5) संदेशवाहक - जो संदेश पहुँचाता है
6) संचार - जिन माध्यमों से संदेश पहुंचाये जाते हैं
7) परिवहन - कोई चीज एक जगह से दूसरी जगह ले जाना
8) सीमित - बहुत कम
9) हरकारा - दौड़नेवाला संदेशवाहक
10) दुर्गम - जहाँ पहुंचना कठिन हो/कठिन



19.7.21
सोमवार



Date __/__/__

# चिट्ठी का सफर

प्रश्न-1) गाँधी जी को सिर्फ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र कैसे पहुँच गया होगा?

उत्तर गाँधी जी उस वक्त की जानी पहचानी हस्ती थी तथा उन्हें हर कोई जानता था। साथ ही उन दिनों पत्रों का चलन भी बहुत कम था इसलिए उनके पत्र नाम और देश के नाम के सहारे ही पहुँच जाते होंगे।

प्रश्न-2) अगर एक पत्र पर पते के साथ किसी का नाम न हो तो क्या पत्र ठीक जगह पर पहुँच जाएगा?

उत्तर नहीं, सही नाम व पता लिखने से पत्र उसी स्थान पर रहने वाले नाम लिखे हुए व्यक्ति को मिलेगा।

प्रश्न 3) पत्र पर नाम न होने के कारण क्या समस्याएँ आ सकती हैं?

उत्तर नाम न होने से, पत्र उस गली मोहल्ले तक तो पहुँच जाएगा पर सही व्यक्ति को ढूंढना डाकिए के लिए परेशानी का विषय बन जाएगा।

Saathi

प्रश्न-4) पैदल हरकारों को किस-किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा?

उत्तर पैदल हरकारों को डाक की रक्षा के साथ खुद की भी सुरक्षा डाकू, लुटेरों व जंगली जानवरों से करनी पड़ती होगी। पैदल यात्रा करने की वजह से उन्हें हर प्रकार के मौसम का भी सामना करना पड़ता था। लंबी दूरी होने की वजह से उन्हें शारीरिक थकावट भी बहुत होती होगी।

2-3-21
सोमवार

Saathi

चिट्ठी का सफर

प्रश्न1) अगर तुम किसी को चिट्ठी लिख रहे हो तो पते में यह जानकारी किस क्रम में लिखोगे? गली/मोहल्ले का नाम, घर का नंबर, राज्य का नाम, खंड का नाम, कस्बे/शहर/गाँव का नाम, जनपद का नाम। नीचे दी गई जगह में लिखो।

उत्तर
1 घर का नंबर।
2 गली/मोहल्ले का नाम।
3 खंड का नाम।
4 कस्बे/शहर/गाँव का नाम।
5 जनपद का नाम।
6 राज्य का नाम।
7 पिन कोड

(2) तुमने इसी क्रम में ही क्यों लिखा?

उत्तर हमने पता इस क्रम में इसलिए लिखा, क्योंकि पता लिखते समय छोटी भौगोलिक इकाई से बड़ी भौगोलिक इकाई की तरफ बढ़ते हैं।

भौगोलिक भौगोलिक भौगोलिक
भौगोलिक भौगोलिक भौगोलिक
भौगोलिक भौगोलिक भौगोलिक

Date __/__/__

प्रश्न 2) अपने घर पर कोई पुरानी (या नई) पत्र ढूँढो। उसे देखकर नीचे लिखे प्रश्नों का जवाब लिखो-

(क) पत्र किसने लिखा?
उत्तर- आशुतोष जी ने लिखा।

(ख) किसे लिखा?
उत्तर मेरी माता जी को लिखा।

(ग) किस तारीख को लिखा?
उत्तर २५ जुलाई २०२५ को लिखा था।

(घ) यह पत्र किस डाकखाने में तथा किस तारीख को पहुँचा?
उत्तर- यह रिहाडी डाकखाना, जम्मू में २७ जुलाई, २०२५ को पहुँचा था।

(ङ) यह उत्तर तुम्हें कैसे पता चला?
उत्तर पत्र पे लगी मोहर से पता चला।

प्रश्न 3) चिट्ठी भेजने के लिए आमतौर पर पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र या ~~लिफाफा~~ लिफाफा इस्तेमाल किया जाता है, डाकघर जाकर इनका मूल्य पता करके लिखो—








Date __/__/__

उत्तर पोस्टकार्ड - ५० पैसे : पचास पैसे
अंतर्देशीय पत्र - ४/५ रुपये चार -पाँच रुपए
लिफ़ाफ़ा - ५ रुपये पाँच रुपए

प्रश्न 4) डाकटिकट इकट्ठी करो। एक रुपय से लेकर दस रुपय तक के डाकटिकों को क्रम में लगाकर कॉपी पर चिपकाओ।

1. 


2. 

3 




६-८-२१
सोमवार



डाकिए की कहानी
कँवरसिंह की जुबानी

प्रश्न-१ डाकिए का क्या नाम था?
उत्तर डाकिए का नाम कँवरसिंह था।

प्रश्न-२ डाकिया कहाँ का रहने वाला था?
उत्तर डाकिया हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के नेरवा गाँव का रहने वाला था।

प्रश्न-३ कँवरसिंह के परिवार में कौन-कौन सदस्य थे?
उत्तर कँवरसिंह के परिवार में चार बच्चे थे।

प्रश्न-४ डाक सेवक को क्या-क्या करना पड़ता है?
उत्तर डाक सेवक को चिट्ठियाँ, रजिस्ट्री-पत्र, पार्सल, बिल, बूढ़े लोगों की पेंशन आदि बाँटने गाँव-गाँव जाना पड़ता है।

प्रश्न-५ भारतीय डाक सेवा की क्या विशेषता है?
उत्तर भारतीय डाक सेवा दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे ~~यसती~~ सस्ती डाक सेवा है।

प्रश्न ६ पहाड़ी क्षेत्रों मे डाकिए को किन कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है?



उत्तर पहाड़ी क्षेत्रों मे डाकिए को मीलों पैदल चलना, बर्फबारी मे ~~फैसना~~ फसने जैसी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है।

प्रश्न-७ कँवरसिंह को कौन-सा पुरस्कार मिला?
उत्तर कँवरसिंह को "बेस्ट पोस्टमैन" का पुरस्कार मिला।

प्रश्न-८ यह पुरस्कार उन्हें कब मिला?
उत्तर यह पुरस्कार उन्हें सन् २००४ में मिला।

शब्द अर्थ

पैकर - पैकिंग करने वाला व्यक्ति
फटाफट - शीघ्रता से, जल्दी-जल्दी
जरिया - साधन
तबादला - ~~स्थानान्तरण~~ स्थानान्तरण
भयंकर - डरावना, ~~अति~~ अत्यधिक भीषण (जैसे भयंकर चेहरा, गर्मी)
इम्तिहान - ~~परीक्षा~~ परीक्षा
इनाम - ~~पुरस्कार~~ पुरस्कार
प्रशस्ति पत्र - प्रशंसा के पत्र

शुक्रवार
13/8/21

Saathi 91

डाकिए की कहानी
कँवरसिंह की जुबानी

शब्द अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1 | पैकर | पैकिंग करने वाला व्यक्ति |
| 2 | फटाफट | शीघ्रता से, जल्दी-जल्दी |
| 3 | जरिया | साधन |
| 4 | तबादला | ~~स्थानान्त~~ स्थानान्तरण |
| 5 | भयंकर | डरावना, अत्यधिक भीषण (जैसे भयंकर गर्मी) |
| 6 | इम्तिहान | परीक्षा |
| 7 | इनाम | पुरस्कार |
| 8 | प्रशस्ति पत्र | प्रशंसा के पत्र |

1, कँवरसिंह भारतीय डाक सेवा के ग्रामीण डाक सेवक से हटकर एक पैकर बन चुके हैं।

2, ~~फटाफट खाना खाना सेहत के~~ लिए। अच्छा नहीं है।

3, काश मुझे रामपुर जाने के लिए ~~कोई~~ कोई जरिया मिल जाए, राम ने निराश हो कर कहा।

4, सेना दल में होने के कारण राम के

Saathi 92

पिता का तबादला कश्मीर में हो ~~चुका~~ है। गया है।

5, राजस्थान ~~राजिस्थान~~ मे भयंकर गर्मी होना एक साधारण बात है।

6, शानु ने ~~हिन्दी~~ इम्तिहान में पूरे निन्यानवे अंक लाए हैं।

7, अच्छा काम करने पर अच्छा इनाम ही मिलता है।

8, डाकिया कँवरसिंह को जान पर खेलकर डाक की ~~सुरक्षा~~ सुरक्षा करने पर ~~प्रशस्ति~~ प्रशस्ति पत्र मिला।

डाकिए की कहानी कँवरसिंह की जुबानी पाठ का उद्देश्य- (उद्देश्य)

हमें अपने कार्य के प्रति सदा समर्पित, निष्ठावान और ईमानदार रहना चाहिए। समाज सेवा की भावना दिल में बसाकर अपने कार्यों के प्रति गर्व महसूस करना चाहिए। स्मरण रहे, कर्म ही पूजा है।

शुक्रवार
13/8/21



## डाकिए की कहानी कँवरसिंह की जुबानी

शब्द अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| १ | पैकर | पैकिंग करने वाला व्यक्ति |
| २ | फटाफट | शीघ्रता से, जल्दी-जल्दी |
| ३ | जरिया | साधन |
| ४ | तबादला | ~~स्थानान्त~~ स्थानान्तरण |
| ५ | भयंकर | डरावना, अत्यधिक भीषण (जैसे भयंकर गर्मी) |
| ६ | इम्तिहान | परीक्षा |
| ७ | इनाम | पुरस्कार |
| ८ | प्रशस्ति पत्र | प्रशंसा के पत्र |

1, कँवरसिंह भारतीय डाक सेवा के ग्रामीण डाक सेवक से हटकर एक पैकर बन चुके हैं।

2, ~~फटाफट स्थानि सुने~~ सेहत कैसा लिखे। अच्छा नहीं है।

3, काश मुझे रामपुर जाने के लिए ~~कोई~~ कोई जरिया मिल जाए, राम ने निराश हो कर कहा।

4, सेना दल में होने के कारण राम के पिता का तबादला कश्मीर में हो ~~चुका~~ ~~है~~ गया है।



राजस्थान

5, ~~राजिस्थान~~ मे भयंकर गर्मी होना एक साधारण बात है।

6, शानु ने ~~हिन्दी~~ में पूरे निन्यानवे अंक लाए है। इम्तिहान निन्यानवे

7, अच्छा काम करने पर अच्छा इनाम ही मिलता है।

8, ~~ह~~ डाकिया कँवरसिंह को जान पर खेलकर डाक की ~~सुरक्षा~~ करने पर ~~प्रशस्ति~~ पत्र मिला। सुरक्षा प्रशस्ति

### डाकिए की कहानी कँवरसिंह की जुबानी पाठ का उद्देश्य- (उद्देश्य)

हमें अपने कार्य के प्रति सदा समर्पित, निष्ठावान और ईमानदार रहना चाहिए। समाज सेवा की भावना दिल में बसाकर अपने कार्यों के प्रति गर्व महसूस करना चाहिए। स्मरण रहे, कर्म ही पूजा है।

Date __/__/__

पैकर -- पैकर का काम बहुत रोचक है।

फटाफट -- फटाफट घर चलो पिता जी आ चुके है।

जरिया -- ऑन लाइन ~~क्लासेस~~ कक्षा पढाई का अच्छा जरिया है

तबादला - मेरे पिता जी का तबादला विदेश में हो गया।

भयंकर - महाभारत एक भयंकर युद्ध था।

इम्तिहान - जिन्दगी के इम्तिहान में ईमानदार ही उतीर्ण होते है।

इनाम - ईश्वर नेक काम के लिये इनाम अवश्य देते हैं।

प्रशस्ति पत्र - जेवलियन थ्रो में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये नीरज चोपडा को गोल्ड/स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र मिला।



बुधवार वह दिन भी क्या दिन थे।

पाठ - 8



18-8-21 Date __/__/__

कठिन शब्द

महत्वपूर्ण संभव

पृष्ठ इच्छा

पश्चात सबक

~~स्थिर~~ स्थिर पर्दे

शब्द अर्थ

सामग्री

~~विद्यार्थी~~ विद्यार्थी

टेलीविज़न

नियमित

गृहकार्य

उबाऊ

पर्दान

भिन्न

भूगोल

उत्सुकता

पुनः

गति

धीमी

पुर्जे-पुर्जे

अध्यापक

सदियों

परीक्षा

रफ़्तार

विशेष

गणित

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1, | ~~उ~~सुकता | कुछ जानने के लि |
| 2, | उत्सुकता | उत्सुक होना |
| 2, | पुर्जे-पुर्जे | मशीन का हर |
| 4, | | भाग या हिस्स |
| 3, | रफ़्तार | गति, चाल |
| 4 | पृष्ठ | पन्ना |
| 5, | प~~श्चात~~ | बाद |
| 6 | सदियों पहले | वर्षों पहले, सालों |
| 7 | सबक | पाठ |
| 8 | आरंभ | शुरू |

शुक्रवार
20-8-2021



वे दिन भी क्या दिन थे।

प्रश्न / उत्तर

प्रश्न-1) कुम्मी के हाथ जो किताब आई थी वह कब छपी होगी?

उत्तर वह किताब सदियों पहले छपी होगी।

प्रश्न-2) रोहित ने कहा था, "कितनी पुस्तकें बेकार जाती होंगी, एक बार पढ़ी और फिर बेकार हो गई।" क्या सचमुच में ऐसा होता है??

उत्तर वे ही पुस्तकें बर्बाद होती है जिन्हें लोग पढ़कर फेंक देते हैं या कबाड़ी वाले को बेच देते हैं, यदि पुस्तकें पढ़कर उन्हें हिफ़ाज़त से रख दिया जाए तो वे बर्बाद नहीं होती बल्कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी पढ़ी जाती है और उनकी उपयोगी बातें जीवन में उतारी जाती हैं।



उत्सुकता - कुछ जानने के लिये उत्सुक होना।

पुर्जों-पुर्जे - मशीन का हर भाग या हिस्सा

रफ़्तार - गति, चाल

पृष्ठ - पन्ना

पश्चात् - बाद

सदियों पहले - वर्षों पहले, सालों पहले

सबक - पाठ

आरंभ - शुरू

सोमवार
23-8-21



वह दिन भी क्या दिन थे।

प्रश्न-1) तुम कागज पर छपी किताबों से पढ़ते हो। पता करो कि कागज से पहले की छपाई किस-किस चीज पर हुआ करती थी?

उत्तर कागज से पहले छपाई भोज पत्रों, छालों लकड़ी और धातु से बने पत्रों पर होती थी।

प्रश्न-2) तुम मशीन की मदद से पढ़ना चाहोगे या अध्यापक की मदद से? दोनों के पढ़ाने में किस-किस तरह की आसानियाँ और मुश्किलें है?

उत्तर हमें अध्यापक से पढ़ना ज्यादा आसान और अच्छा लगेगा क्योंकि वह हमारी मुश्किलों का तुरंत ही विस्तार पूर्वक और अलग-अलग तरीके से बता सकते हैं। मशीन से यह ज्ञान मिलना थोड़ा मुश्किल हो जाएगा। एक अध्यापक सभी विषय नहीं पढ़ा सकते हैं, इसके विपरीत मशीन से सभी विषयों के बारे में जानकारी प्राप्त हो जाएगी। अध्यापक से पढ़ते समय डाँट खाने का डर लगा रहता है। मशीन





से पढ़ते समय ऐसा डर नहीं लगेगा। मशीन हमारे नियंत्रण में होगी, हम मशीन के नियंत्रण में नहीं होंगे। अध्यापक से पढ़ते समय हमें उनके कहे अनुसार ही कार्य करना होगा।

प्रश्न-3) कागज के पन्नों की किताब और टेलीविजन के पर्दे पर चलने वाली किताब। तुम इनमें से किस को पसंद करोगे? क्यों?

उत्तर हम कागज के पन्नों की किताब को पसंद करेंगे। क्योंकि वह हमेशा हमारे पास रहेगी और उसे तथा इधर-उधर ले जाने में भी आसानी रहेगी।

प्रश्न-4) बीते दिनों की प्रशंसा में कही जाने वाली यह बात तुमने सुनी है? अपने बीते हुए दिनों के बारे में सोचो और बताओ कि उनमें से किस समय के बारे में हम "वे दिन भी क्या दिन थे।"

उत्तर मैं अपने उन बचपन के दिनों के बारे सोचकर कहता हूँ "वह दिन भी क्या दिन थे" जब मुझे पढ़ाई नहीं करनी पड़ती थी और मैं उन दिनों पूरे दिन आराम कर सकता था।

Date

प्रश्न ५) १९६७ में हिंदी में छपी यह ~~किताब~~ कहानी की कल्पना की गई है कि सालों बाद की जगह मशीनें ले लेंगी तुम भी कल्पना करो कि भविष्य में यह चीजें कैसे होंगी?

उत्तर- पेन - ऐसे पेन आ जाएंगे जिनमें बार बार रिफल नहीं डालनी पड़ेगी।

घड़ी - घड़ी का उपयोग बहुत ही कम हो जाएगा, लोग अपने फोन पर समय देखेंगे।

टेलीफ़ोन / मोबाइल - टेलीफोन का उपयोग भी कम हो जाएगा और फोन बहुत ही हाई-टेक हो जाएगा।

टेलीविज़न - टेलीविज़न का उपयोग बहुत कम हो जाएगा और लोग टेलिविज़न का काम फोन पर करेंगे।

पृथ्वी - पृथ्वी बहुत प्रदूषित हो जाएगी, पानी की मात्रा कम हो जाएगी, गर्मी बहुत बढ़ जाएगी और ठंड भी बहुत कम हो जाएगी।

के.जी.



Date

नीचे कुछ वस्तुओं के नाम दिए गए हैं, बड़ों से पूछकर पता करो कि बीस साल पहले इनकी क्या कीमत थी और अब इनका दाम क्या है?

| चीजें | बीस साल पहले के दाम | आज के दाम |
|---|---|---|
| आलू (केजी) | १० ₹ प्रति किलो | २० ₹ प्रति किलो |
| दाल (केजी) | २० ₹ प्रति किलो | २०० ₹ प्रति किलो |
| लड्डू (केजी) | ५० ₹ प्रति किलो | २०० ₹ प्रति किलो |
| चावल (केजी) | ५० ₹ प्रति किलो | २५० ₹ प्रति किलो |
| शक्कर (केजी) | २० ₹ प्रति किलो | ५० ₹ प्रति किलो |
| दूध (लीटर) | ३० ₹ प्रति लीटर | ५० ₹ प्रति लीटर |

वे दिन भी क्या दिन थे।

बुधवार
25/8/21

Saathi 101

Date

कल्पना करो

प्रश्न-2) दोस्तों के साथ बात करके अंदाजा लगाओ 50 साल बाद इसमें क्या-क्या बदल जाएगा-

- फिल्मों में:- फिल्मों में आधुनिकता अधिक प्रयोग की जाने लगेगी। वह यह काम कम समय में ही कर लेंगे।

गाँव की हालात में- गाँव की हालात में काफी सुधार हो जाएँगे। गाँव में सभी सुविधाएँ उपलब्ध होने लगेंगी।

तुम्हारी परिचित किसी नदी में- हमारी परिचित नदी में जलस्तर कम हो जाएगा और इसका पानी भी दूषित हो जाएगा।

स्कूल में- स्कूल काफी विकसित हो जाएगा और कॉपी पर काम कम हो जाएगा।

कक्षा परीक्षा


शुक्रवार
27-8-21

Saathi 102

Date


प्रश्न-2) संदेश भेजने के लिए प्रयोग में लाए जाने वाले किन्हीं दो साधनों के नाम लिखो एवं उनके चित्र बनाओ।

उत्तर 1. पत्र




चित्र (पत्र)

2. ई-मेल




प्रश्न

Date __/__/____

प्रश्न-२ डाकिए पर पाँच वाक्य लिखो।

उत्तर- 1, डाकिया डाकघर में काम करता है। यह भारत सरकार का एक महत्वपूर्ण विभाग है।

डाकिया एक परिश्रमी व्यक्ति होता है। उसका काम पत्रों, पार्सलों, मनी ऑर्डरों को लोगों तक पहुँचाना होता है।

वह खाकी वर्दी पहनता है, और कांधे पर सदैव एक थैला लटकाये रहता है।


सर्व प्रथम डाकघर में वह पत्रों का क्षेत्रवार चयन करता है तथा क्षेत्रानुसार पत्रों को अपने थैले में रखता है और घर-घर जाकर उनका वितरण करता है।

कभी-कभी वह गलत पते पर पत्र डाल देता है जिससे बहुत नुकसान होता है।

यह उपक्रम आज बीमार स्थिति में है।








व्याकरण

एक माँ की बेबसी

बुधवार
1-9-21

पाठ - 9

105

Date __/__/__

# (६) एक माँ की बेबसी

कुँवर नारायण

न जाने किस अदृश्य पड़ोस से
निकल कर आता था वह
खेलने हमारे साथ-
रतन, जो बोल नहीं सकता था
खेलता था हमारे साथ
एक टूटे खिलौने की तरह
देखने में हम बच्चों की ही तरह
था वह भी एक बच्चा।
लेकिन हम बच्चों के लिए वह अजूबा था
क्योंकि हमसे भिन्न था।
थोड़ा घबराते भी थे हम उससे
क्योंकि समझ नहीं पाते थे
उसकी घबराहटों को
न इशारों में कही उसकी बातों को
न उसकी भयभीत आँखों में
हर समय दिखती
उसके अंदर की छटपटाहटों को
जितनी देर वह रहता
पास बैठती उसकी माँ
निहारती रहती उसका खेलना।
अब जैसे-जैसे
कुछ बेहतर समझने लगा हूँ
उनकी भाषा जो बोल नहीं पाते हैं

106

Date __/__/__

याद आती,
रतन से अधिक
उसकी माँ की आँखों मे
छुपी होती उनकी बेबसी....।

शब्द अर्थ

| | |
|---|---|
| अदृश्य | जो दिखाई न दे, गायब |
| अजूबा | आश्चर्यजनक आश्चर्यजनक |
| भिन्न | अलग, पृथक |
| इशारों | संकेतों |
| भयभीत | डरा हुआ |
| छटपटाहट | बेचैनी |
| निहारती रहती | देखती रहती |
| बेहतर | अच्छा (तुलनात्मक रूप) |
| बेबसी | लाचारी |

Page No.

एक माँ की बेबसी

शुक्रवार

Saathi 107

Date 3/9/21

प्रश्न-1, मिलान करो-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अदृश्य | विचित्र 9 |
| 2 | बेबसी | बेचैनी 5 |
| 3 | भिन्न | डरा हुआ 10 |
| 4 | इशारा | संकेत (4) |
| 5 | छटपटाना | डरना 7 |
| 6 | बेहतर | अलग (~~कुछ अच्छा~~) (3) |
| 7 | घबराना | बढ़िया 6 |
| 8 | निहारती | जो दिखाई न दे (1) |
| 9 | अजूबा | देखती रहना (8) |
| 10 | भयभीत | लाचारी (2) |

प्रश्न-2, इन दो में से कौन-सा अर्थ तुम्हें ज्यादा सही लगता है? क्या कोई और अर्थ भी हो सकता है?

उत्तर यह बच्चा लेखक के पड़ोस में रहता था फिर भी कविता अदृश्य पड़ोस से शुरू होती है, क्योंकि पड़ोस में रहने वाले ~~सारे बच्चे~~ बाकी बच्चे एक दूसरे से बातें करते थे पर वह बच्चा बोल नहीं पाता था, वह बच्चा गूंगा था इसलिए और बच्चों से मिल ~~नहिं~~ नहीं पाता था। अतः वह बच्चों के लिए अंजाना रहता था।

Saathi 108

Date

प्रश्न-3, 'अंदर की छटपटाहट' उसकी आँखों में किस रूप में प्रकट होती ~~है~~ थी?

क, चमक के रूप में।

ख, डर के रूप में ✓ (ख) ✓

ग, जल्दी घर लौटने की इच्छा के रूप में

प्रश्न-4, जो बच्चा बोल नहीं सकता, वह किस-किस बात की आशंका से 'घबराहट' महसूस कर सकता है?

उत्तर बच्चा निम्नलिखित बातों ~~ओंसे~~ से घबराहट महसूस करता है-

1, वह अपनी बात औरों को समझा पाएगा या नहीं, कोई उसकी बात समझ पाएगा या नहीं।

2, उसकी इस कमी के कारण कोई उसके साथ खेलेगा या नहीं।

3, उसके मित्र बन पाएँगे या नहीं।

4 बच्चे उसे ~~यदी~~ यदि खिला लेते हैं, तो वह उनके साथ खेल पाएगा या नहीं।

Saathi 109

Date

प्रश्न-5, इसमें से कौन-सा अर्थ या संदर्भ इस बच्चे पर लागू होता है?

उत्तर "छटपटाहट" तब महसूस होती है। जब हम अपनी इच्छानुसार काम नहीं करवा पाते हैं।

ऊपर 'छटपटाहट' के तीन अर्थ या संदर्भ दिए हुए हैं। इनमें से 'संदेश' वाला अर्थ बच्चे पर लागू होता है। रतन इशारों में अपनी बात अपने साथ खेलने वाले बच्चों तक पहुँचाना चाहता है, परन्तु बच्चे उसके इशारों को नहीं समझ पाते हैं, इस पर वह छटपटाहट महसूस करता है।

प्रश्न-6, * माँ के ऊपर पाँच वाक्य लिखिए।

1, ~~माँ एक परिवार की बहुत जरूरी सदस्य होती है। वह परिवार के सभी सदस्यों का~~

2, ~~ध्यान रखती है। माँ के ऊपर कई गाने~~ भी बने हैं।

प्रश्न-7, 8, "थोड़ा घबराते भी थे उससे, क्योंकि समझ नहीं पाते थे उसकी घबराहटों को"

9, रतन क्या सोचकर घबराता होगा?

उत्तर रतन यह सोचकर घबराता होगा कि क्या

Page No.

---

4, वह परिवार के सभी सदस्यों ... है।

110

5, भगवान को भी धरती पर आने के लिए माँ की जरूरत होती है।

Date

वह अपनी बात दूसरे को समझा पाएगा और क्या अगला उसकी बात समझ पाएगा।

• अपने दोस्तों से पूछकर पता करो, कौन क्या सोचकर, और किस काम को करने से घबराता है। कारण भी पता करो।

| दोस्त/सहेली का नाम | किस बात से घबराता है? | घबराने का कारण |
|---|---|---|
| रामू | अँधेरे से | कोई उसे पकड़ न ले। |
| ~~रीतु~~ रीता | गलत काम करने से। | कोई उसे मारे या डाँटे ना। |
| अमन | बिल्ली से | उसे लगता है बिल्ली उसे शेर से भी ज्यादा नुकसान पहुँचा सकती है। |

* माँ के ऊपर पाँच वाक्य लिखिए।

1, माँ एक परिवार की बहुत जरूरी सदस्य होती है।

2, माँ वही पौधा है जिससे घर की अगली पीढ़ी बनती है।

3. माँ हर बच्चे की पहली गुरु होती है।

Page No.

एक माँ की बेबसी

सोमवार
Saathi 111
Date 6/9/2021

प्रश्न-1) कवि ने इस बच्चे को 'टूटे खिलौने' की तरह बताया। जब कोई खिलौना टूट जाता है तो वह उस तरह काम नहीं कर सकता जैसे वह पहले करता था। संदर्भ के अनुसार खाली स्थान भरो।

| खिलौना | टूटने का कारण | नतीजा |
|---|---|---|
| लूडो | गत्ता गीला हो जाने पर | खेल नहीं सकते |
| गाड़ी | पहिया निकल जाने पर | चल नहीं पाती |
| गुड़िया | सीटी निकल जाने पर | बज नहीं पाती |
| गेंद | पिचक जाने पर | उछल नहीं पाती |
| जोकर | चाबी निकल जाने पर | चल नहीं पाता करतब नहीं दिखा सकता |

प्रश्न-2) बेबस शब्द बे और बस को जोड़कर बना है। यहाँ बे का अर्थ बिना है, नीचे दिए गए शब्दों में 'बे' छुपा है। इसी सूची में तुम और कितने शब्द जोड़ सकते हो?-

| उत्तर | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बेजान | बेचैन | बेईमान | बेकार | बेनाम |
| बेसहारा | बेहिसाब | बेखौफ़ | बेघर | बेचारा |

प्रश्न-3) इस कविता में देखने से संबंधित कई शब्द आए हैं, ऐसे छह शब्द छाँटकर लिखो।

उत्तर अदृश्य, देखना, इशारे, आँखें, निहारती, झलकती।

Saathi 112
Date

प्रश्न-4) नीचे आँखों से जुड़े कुछ मुहावरे दिए गए हैं। तुम इनका प्रयोग किन संदर्भ में करोगे?

उत्तर 1, आँखें दिखाना - मुझे आँखें मत दिखाओ
2, नज़र चुराना - गलती करोगे, तो नज़रें चुरानी पड़ेगी
3, आँखों का तारा - क्षितिज अपने माँ-बाप की आँखों का तारा है।
4, नज़रें फेर लेना - अपना काम निकलते ही तुम मुझसे नज़रें फेरने लगे हो।
5, आँखों पर पर्दा पड़ना - पुलिस गलत काम देख कर भी आँखों पर पर्दा डाले बैठी है।

प्रश्न-5) "याद आती रतन से अधिक
उसकी माँ की आँखों में झलकती उनकी बेबसी"

1, रतन की माँ की आँखों में किस तरह की बेबसी झलकती होगी?

उत्तर रतन की माँ की आँखों में अपने बच्चे के न बोलने की बेबसी झलकती होगी। माँ को यह बेबसी न बोलने से उसके बच्चे को पीड़ा के कारण होती होगी।

प्रश्न-6) नीचे लिखे शब्दों को उदाहरण के अनुसार लिखिए।

उत्तर मित्र - मित्रता, प्रसन्न - प्रसन्नता, उपयोगी -

Sathi 113

Date

उपयोगिता, ~~सवा~~सामान्य, सामानता, अधिक
अधिकता, समान - समानता

प्रश्न-७) वाक्य बनाओ:

माँ: माँ हर घर की बहुत जरूरी सदस्य होती है। वह ममता से भरी होती है।

मित्र: श्री ~~राम~~ कृष्ण के एक मित्र जिसका नाम सुदामा था, वह भगवान का बहुत बड़ा भक्त था।

प्रश्न-८) कविता पढ़कर अपने रतन के बारे में तीन वाक्य लिखिए।

१) रतन एक ऐसा लड़का था, जो बोल नहीं सकता था।

२) रतन बहुत घबराता था।

३) रतन की माँ की आँखों में हमेशा बेबसी झलकती थी।

४) वह यह सोचता रहता था कि उसकी बात दूसरा समझ पायेगा या नहीं।



सोमवार

Sathi 114

Date 13 / 9 / 2021

कक्षा परीक्षा

प्रश्नों के उत्तर लिखो।

प्रश्न-१) कुम्मी की भूगोल विषय में रोज गलतियाँ क्यों हो रही थी?

उत्तर कुम्मी की भूगोल में रोज गलतियाँ इसलिए होती थी क्योंकि उसकी मशीन की भूगोल की चक्की कुछ तेज रफ्तार पर थी।

प्रश्न-२) रोहित को जो पुस्तक मिली थी उसमें किस प्रकार के स्कूल का वर्णन है?

उत्तर रोहित को जो पुस्तक मिली थी उसमें उन स्कूलों का वर्णन है जिन स्कूलों में ~~लोग~~ बच्चे ~~जाते थे न कि~~ चलकर या बस में जाते थे।

प्रश्न-३) वचन बदलो-

कहानी - कहानियाँ

प्रश्न४) अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ।

1) रफ्तार - गति, चल

गाड़ी की रफ्तार हमेशा धीमी रखनी चाहिए।

२) पृष्ठ - पन्ने

राम ने कॉपी का एक पृष्ठ फाड़कर जला दिया क्योंकि उस पर राम अच्छी तरह से नहीं लिखा था।

पाठ - 10

बुधवार
Date 15/9/2021

115 Saathi

# एक दिन की बादशाहत

|शब्द अर्थ|

किस्म - प्रकार
मुसीबत - समस्या, तकलीफ
पाबंदी - रोक
तकरार - झगड़ा, बहस
तरकीबें - उपाय
खिदमत - सेवा
दरख्वास्त - अर्जी, आवेदन
ऊधम मचाना - शोर मचाना
इकरार - मान लेना, कबूल करना
झापड़ रसीद करना - थप्पड़ मारना
बेबस - लाचार
गुसलखाना - स्नानघर
गत - दशा
फौरन - तुरंत, शीघ्र
तुनककर - गुस्से में
खून का घूँट पीकर रह जाना - गुस्सा दबा लेना
इम्तिहान - परीक्षा
लपके - आगे की तरफ बढ़े
निहायत - बिल्कुल, निश्चित रूप से
हुक्म - आदेश

Page No.

116 Saathi

Date

हर्ज - नुकसान, घाटा

Page No.

शुक्रवार
Date 17/8/2021

Saathi

## एक दिन की बादशाहत

(कहानी की बात)

प्रश्न १) अब्बा ने क्या सोंचकर आरिफ़ की बात मान ली?

उत्तर) अब्बा ने यह सोचा होगा कि बच्चे ही तो हैं, एक दिन अपनी मर्जी से खा-पी लेंगे। एक दिन इनकी बात मान लेंगे, ~~प्रन्तु~~ ~~प्रन्तु~~ परन्तु उन्हें अंदाजा नहीं था कि वो सबकी हालत खराब कर देंगे।

प्रश्न-२) वह दिन बहुत ~~अच्छा~~ अनोखा था जब बच्चों को बड़ो के अधिकार मिल गए थे। वह दिन बीत जाने के बाद इन्होंने क्या सोचा होगा?

- आरिफ़ ने, • अम्मी ने, • दादी ने।

आरिफ़ ने - आरिफ ने सोचा कि अब सबको पता चल गया होगा कि हमें क्या बुरा और क्या अच्छा लगता है।

अम्मी ने - अम्मी ने सोचा कि क्या आफत मोल ले ली। पर यह



भी समझ आया कि बच्चों के साथ ठीक नहीं हो रहा था।

दादी ने - दादी ने सोचा होगा कि उनका कहना कभी-कभी उनको बहुत बुरा लगता होगा। अब वह ऐसा नहीं करेंगी।

(तुम्हारी बात)

प्रश्न-२) कहानी में ऐसे कई काम बताए गए हैं जो बड़े लोग आरिफ और सलीम से करने को कहते थे, तुम्हारे विचार से उनमें से कौन-कौन से काम उन्हें बिना शिकायत किए कर लेने चाहिए थे और कौन-कौन से कामों के लिए मना कर देना चाहिए था?

उत्तर) उन्हें सुबह जल्दी उठने और सोने की बात बिना शिकायत मान लेनी चाहिए थी, उन्हें दलिया और दूध भी खा लेना चाहिए था। गाना गाने के लिए बाहर निकलना और हम काम में रोक-टोक के लिए मना कर देना चाहिए था।

(तरकीब)

"दोनों घंटों बैठकर इन पाबंदियों से बच निकलने की तरकीबें सोचा करते थे"।

प्रश्न-१) तुम्हारे विचार से वे कौन-कौन सी तरकीबें सोचते होंगे?

उत्तर-1) काश हमें कोई ऐसी जगह मिल जाए, जहाँ कोई डाँट नहीं।
2) हमें भी बड़ों को डाँटने का अधिकार मिल जाए।
3) हम जल्दी से बड़े हो जाए।

प्रश्न-२) कौन सी तरकीब से उनकी इच्छा पूरी हो गई थी?

उत्तर) उन्होंने बड़ों के सभी अधिकार माँग लिए थे और बड़ों को छोटे की तरह रहने के लिए कहा था, जिससे उनकी इच्छा पूरी हो गई थी।

प्रश्न-३) क्या तुम उन दोनों को इस तरकीब से भी अच्छी तरकीब सुझा सकते हो?

उत्तर) इससे अच्छा था कि उन दोनों को अपनी कुछ आदतों का सुधार कर लेना चाहिए था।

(अधिकार की बात)

"... आज तो उनके सारे अधिकार छीने ...जा चुके हैं।"

प्रश्न-१) अम्मी के अधिकार किसने छीने थे?

उत्तर) अम्मी के अधिकार आरिफ़ और सलीम ने छीने थे।

प्रश्न-२) क्या उन्हें अम्मी के अधिकार छिनने चाहिए थे?


उत्तर) उन्हें अम्मी के अधिकार नहीं छीनने चाहिए थे। लेकिन अम्मी को भी उनकी भावनाओं को समझना चाहिए था।

प्रश्न-३) उन्होंने अम्मी के कौन-कौन से अधिकार छीनें होंगे?

उत्तर) उन्होंने अम्मी से डाँटने, सुबह जल्दी उठने, अपनी पसंद का खाना बनवाने जैसे अधिकार छीने होंगे।

पर्यावरण संरक्षण

Date ___/___/___



" अब न चलेगा कोई बहाना
पर्यावरण है हमें बचाना ॥ "

दिनांक : 20-9-2021 नाम: [illegible]
सदन : शिवाजी सदन: शिवाजी

Page No.

सोमवार
Date 20/9/21

१५ विशेषण (एक दिन की बादशाहत)

विशेषण परिभाषा - जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्द की विशेषता बताए ~~उसको~~ उस शब्द को विशेषण कहते हैं।

१) मेरा दिमाग = सार्वनामिक विशेषण
२) कहर बरी नजर = गुणवाचक विशेषण
३) बादाम हरीरा = गुणवाचक विशेषण
४) पाँच रुपये = संख्यावाचक विशेषण
४) मीठे चावल = गुणवाचक विशेषण
५) सफेद कमीज = गुणवाचक विशेषण
६) भारी साड़ी = गुणवाचक विशेषण
७) मनपसंद कमीज = गुणवाचक विशेषण
८) मीठी चीज = गुणवाचक विशेषण
९) उचित निर्णय = गुणवाचक विशेषण
१०) बड़ा कमरा = गुणवाचक विशेषण
११) थोड़ी मिठाई = परिमाणवाचक विशेषण
१२) कुछ आलू = संख्यावाचक विशेषण
१३) चटपटा कबाब = गुणवाचक विशेषण
१४) छोटा दफ्तर = गुणवाचक विशेषण

Page No.

प्रश्न-२) कहानी में किन-किन चीजों को तर-माल कहा गया है?
उत्तर) कहानी में अंडे और मक्खन जैसी चीजों को तर-माल कहा गया है।

प्रश्न ३) इन चीजों के अलावा और किन-किन चीजों को 'तर माल' कहा जा सकता है?
उत्तर) इन चीजों के अलावा:- हलवा-पूरी, खीर, मिठाइयाँ, पकवान आदि चीजों को तर माल कहा जा सकता है।

प्रश्न ४) कुछ ऐसी चीजो के नाम भी बताओ, जो तुम्हें 'तर माल' नहीं लगती?
उत्तर) चावल, दाल, कुछ सब्जियाँ, दलिया, दूध, रोटी जैसी चीजे हमे तर माल नहीं लगती।

प्रश्न ५) इन चीजों को तुम क्या नाम देना चाहोगे? सुझाओ।
उत्तर) इन चीजों को हम 'खाद्य पदार्थ' नाम देना चाहिऐ।



(हल्का - भारी)

प्रश्न-१) "इतनी भारी साडी क्यों पहनी?" यहाँ पर 'भारी साडी' से क्या मतलब है?
- साडी पर बेल-बूटों की कढाई थी।

प्रश्न-२) * भारी साडी, * भारी अटेची, * भारी काम, * भारी बारिश
ऊपर 'भारी' विशेषण का चार अलग-अलग संज्ञाओं के साथ इस्तेमाल किया गया है। इन चारों में 'भारी' का अर्थ एक-सा नहीं है। इनमें क्या अंतर है?
उत्तर) • भारी साडी में 'भारी' विशेषण अधिक महंगी या अधिक कढ़ाईदार साडी के लिए प्रयोग किया गया है।

• भारी अटैची में 'भारी' विशेषण वजनदार चीजों के लिए प्रयोग किया गया है

• भारी काम में 'भारी' विशेषण ~~मुश्क~~ मुश्किल काम के लिए प्रयोग किया जाता है

• भारी बारिश में 'भारी' अधिक बारिश के लिए प्रयोग किया गया है।

प्रश्न-३) 'भारी' की तरह हल्का का भी अलग-अलग अर्थों में इस्तेमाल करो।

उत्तर) हल्का कपड़ा, हल्का काम, हल्का लड़का हल्का डिब्बा, हल्का बर्तन।

(मनपसंद कपड़े)

"बिल्कुल इसी तरह तो वह आरिफ़ और सलीम से उनकी मनपसंद कमीज़ उतरवाकर निहायत बेकार कपड़े पहनने का हुक्म लगाया करती है।"

प्रश्न १) तुम्हें भी अपना कोई खास कपड़ा सबसे अच्छा लगता होगा। उस कपड़े के बारे में बताओ। वह तुम्हें सबसे अच्छा क्यों लगता है?

उत्तर) मुझे मेरी एक संतरी कमीज़ सबसे अच्छी लगती है। संतरी रंग मुझे बल देता है, उस पर छोटा भीम बना है जो मुझे अच्छे काम



करने की प्रेर्णा देता है।

प्रश्न २) कौन-कौन सी चीज़े तुम्हें बिल्कुल बेकार लगती हैं?

क, पहनने की चीज़ = जैकट
ख, खाने-पीने की चीज़ = तोरी
ग, करने के काम = सफ़ाई करना
घ, खेल = खोखो

# एक से सौ तक गिनती शब्दों में



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | एक | २६ | छब्बीस | 51 | इक्यावन | 76 | छिहत्तर |
| २ | दो | २७ | सत्ताईस | 52 | बावन | 77 | सतहत्तर |
| ३ | तीन | २८ | अठाईस | 53 | तिरपन | 78 | अठहत्तर |
| ४ | चार | २९ | उनतीस | 54 | चौवन | 79 | उनासी |
| ५ | पाँच | ३० | तीस | 55 | पचपन | 80 | अस्सी |
| ६ | छः छह | ३१ | इकतीस | 56 | छप्पन | 81 | इक्यासी |
| ७ | सात | ३२ | बत्तीस | 57 | सत्तावन | 82 | बयासी |
| ८ | आठ | ३३ | तेंतीस | 58 | अट्ठावन | 83 | तिरासी |
| ९ | नौ | ३४ | चौंतीस | 59 | उनसठ | 84 | चौरासी |
| १० | दस | ३५ | पैंतीस | 60 | साठ | 85 | पचासी |
| ११ | ग्यारह | ३६ | छत्तीस | 61 | इकसठ | 86 | छियासी |
| १२ | बारह | ३७ | सैंतीस | 62 | बासठ | 87 | सत्तासी |
| १३ | तेरह | ३८ | अड़तीस | 63 | तिरेसठ | 88 | अट्ठासी |
| १४ | चौदह | ३९ | उन्तालीस | 64 | चौंसठ | 89 | नवासी |
| १५ | पंद्रह (पंद्राह) | ४० | चालीस | 65 | पैंसठ | 90 | नब्बे |
| १६ | सोलह | ४१ | इक्तालीस | 66 | छियासठ | 91 | इक्यानवे |
| १७ | सत्रह | ४२ | बयालीस | 67 | सड़सठ | 92 | बानवे |
| १८ | अठारह | ४३ | तेंतालीस | 68 | अड़सठ | 93 | तिरानवे |
| १९ | उन्नीस | ४४ | चौवालीस | 69 | उनहत्तर | 94 | चौरानवे |
| २० | बीस | ४५ | पैंतालीस | 70 | सत्तर | 95 | पंचानवे |
| २१ | इक्कीस | ४६ | छियालीस | 71 | इकहत्तर | 96 | छियानवे |
| २२ | बाईस | ४७ | सैंतालीस | 72 | बहत्तर | 97 | सत्तानवे |
| २३ | तेईस | ४८ | अड़तालीस | 73 | तिहत्तर | 98 | अट्ठानवे |
| २४ | चौबीस | ४९ | उनचास | 74 | चौहत्तर | 99 | निन्यानवे |
| २५ | पच्चीस | ५० | पचास | 75 | पचहत्तर | 100 | सौ |

पाठ - 11

शुक्रवार
Date 24 9 2021

"चावल की रोटियाँ"

वाक्य बनाएँ

जम्हाई = : उबासी लेना

1, देर से सोने की वजह से श्याम दिन भर सुस्ता रहता है और जम्हाई लेता रहता है।

2, धान : चावल की फसलें

ओला वृष्टि की वजह से धान की फसल बरबाद हो गई।

3, नाश्ता : अल्पाहार

राम ने नाश्ते में आज खीर खाई।

4, तश्तरी : थाली (बर्तन)

यह तश्तरी अति सुंदर है।

अभ्यास पत्रिका

130

नाम: निखिलेश विषय: हिन्दी
कक्षा: पाँचवी दिनाँक: १/१०/२०२२

चावल की रोटियाँ

1) अलमारी में कैसी रोटियाँ होती हैं।

उत्तर 1) अलमारी में चावल की चार रोटियाँ हैं।

2) कोको के कितने दोस्त होते हैं। नाम लिखो

उत्तर 2) कोको के तीन दोस्त हैं, जिनका नाम- नीनी, तिनसू और मिमि हैं।

3) खेतों में कौन गये थे?

उत्तर 3) खेतों में कोको के माता-पिता गए थे।

4) अनुच्छेद में से एक अनाज का नाम लिखो?

उत्तर 4) चावल।

5) बहुवचन लिखो।

उत्तर 5) रोटी - रोटियाँ।

चावल की रोटियाँ

मंगलवार
Date 5/10/2021



चावल की रोटियाँ ~~नाटक~~ का उद्देश्य

चावल की रोटियाँ एकाँकी (नाटक)
हमे हमेशा आपस में मिल झुलकर रहने और चीजों को बाँटकर खाने की सीख देता है। ~~झूठ~~ झूठ बोलने से हमारी परेशानियाँ बढ़ जाती हैं। अतः हमे झूठ बोलने से बचना चाहिए।

प्रश्न 2) पाठ में आए वाक्यांश के लिए ~~शब्द को पूरा करें~~ रिक्त स्थानों मे लिखिए

1) जिसे हमेशा भूख लगती है। (भुक्खड) भुक्खड

2) जिस की किस्मत बुरी हो, (बद्‌किस्मती) बदकिस्मत

3) जो चीज खाने में अच्छी हो, (~~स्वादिष्ठ~~)(स्वादिष्ठ) स्वादिष्ट

4) जिस की किस्मत अच्छी हो, (खुशकिस्मती) खुशकिस्मत

5) जिसमें फूल सजाए जाते हैं,

बुधवार पाठ = चावल की रोटियाँ
Date 6/10/2021



मुहावरे

1) बाल-बाल बचना = किसी संकट से किसी प्रकार निकल जाना।
वाक्य: राम पहाड से गिरने से बाल-बाल बचा।

2) पेट में चूहे दौडना = अत्यंत भूख लगना
वाक्य: जब किसी को बहुत भूख लगी तो वह कहता है, मेरे पेट मे चूहे दोड रहे हैं।

3) नेकी और पूछ-पूछ = बिना कहे ही भलाई करना।
वाक्य: जैसे ही शायम राम के घर उसे उसके घर पर खाने के लिए बुलाने लगा राम ने कहा, "नेकी और पूछ-पूछ,

चावल की रोटियाँ

शुक्रवार

Date 8/10/2021



नाटक की बात

प्रश्न-1) ~~पात्रों~~ नाटक में हिस्सा लेने वालों को 'पात्र' कहते हैं। जिन पात्रों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है उन्हें 'मुख्य पात्र' और जिनकी भूमिका ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं होती उन्हें 'गौण पात्र' कहते हैं। बताओ इस नाटक में कौन-कौन मुख्य और कौन-कौन गौण पात्र हैं?

उत्तर इस नाटक में कोको, मिमि और तिस्सू मुख्य पात्र हैं। इस नाटक में उबा तुन और नीनी गौण पात्र हैं।

प्रश्न 2) पात्रों को जो बात बोलनी होती है उसे संवाद कहते हैं। क्या तुम किसी एक परिस्थिति के लिए संवाद लिख सकते हो? (इसके लिए तुम टोलियों में भी काम कर सकते हो) उदाहरण के लिए खो खो या कबड्डी जैसे कोई खेल खेलते समय दूसरे दल के खिलाड़ियों से बहस।

फुटबॉल

हमारा दल = हमने गोल किया है।

दूसरा दल = तुम्हारी बॉल नेट से बाहर गिरी थी।



संवाद आगे बढ़ता रहता है........

प्रश्न 3) क्या आपने कभी किसी से कोई बात या चीज छुपाई है? या छुपाने की कोशिश की है? उस समय क्या-क्या हुआ था?


उत्तर हाँ, मैंने एक बार अपने लिए एक बल्ला खरीदा था। वह बल्ला मैंने अपने माँ के पैसों से खरीदा था। जितने पैसे मैंने उस बल्ले के लिए ~~से~~ खर्चे किए माँ ने मुझे उन पैसों से नई कमीज खरीदने के लिए दिये थे, जब माँ ने बल्ला देखा वह खुश भी हुई थी पर हैरान भी। उनके पूछने पर मैंने बता दिया कि मैं पापा के साथ बल्ला खरीदने गया था।

उन्होंने पूछा, पैसे कहाँ से लाए? मैंने कहा जो पैसे कमीज के लिए रखे थे ~~उन्हीं उन्हीं~~ उन पैसों से मैंने बल्ला खरीदा, थोड़ी देर के लिए माँ को गुस्सा आया फिर बोला, "ठीक है, पढ़ाई करने के बाद खेल लेना और कल पापा के साथ जाकर कमीज भी खरीद लेना। बाद में मुझे एहसास हो गया कि मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए था। माँ तो

Date __/__/__

बच्चे की किसी बात पर नाराज नहीं होती पर इच्छो जरूर होती है।

पतझड़ की छुट्टियाँ



शुभ नवरात्री



# पहले काम फिर विश्राम



Date __/__/__

~~" छुट्टियों में भी उठना जल्दी "~~

रामू। रामू एक किसान का बेटा था, पर किसान का बेटा होने के कारण वह कभी विद्यालय नहीं जा पाया ; ~~क्या~~ उसके सारे मित्र बड़े अमीर थे। इसलिए वह रोज स्कूल जा पाते थे। रामू के दोस्त सोचा करते थे कि क्या कभी रामू भी स्कूल जा पाएगा। वह हमेशा इसी बारे में सोचा करते, रामू भी स्कूल जाना चाहता था। जब यह बात रामू के दोस्तों को पता चली वह बहुत खुश हुए और उन्होंने एक तरकीब सोची। उनकी तरकीब कुछ इस प्रकार की थी: "क्योंना हम सब बीमार होने का नाटक करें, इसे रामू को स्कूल जाने में आसानी होगी।" सभी ने बात मान ली पर रामू इस योजना से खुश नहीं था। उसके दोस्तों ने उसे बहुत समझाया पर रामू नहीं माना अंत में रामू के दोस्त ने कारण पूछा कि तुम इस योजना से खुश क्यों नहीं हो तो रामू बोला ~~कि~~

परिणाम



Date / /

" मेरी वजह से तुम्हारा स्कूल रुक जाएगा क्योंकि मै तो अपने पापा के खेत में ही खुश हूँ। रामू ने झूठ बोला क्योंकि ~~वह~~ उसे डर था कि कही वह स्कूल मे जाकर बुरी संगती का शिकार न हो जाए। उसके पापा ने यह बात सुन ली और उन्होने रामू ~~क~~ को बताया कि " कुछ भी ~~करने~~ से पहले हम नही कह सकते कि उसका प्रिणाम क्या होगा। रामू बात समझ गया और स्कूल मे दाखिला लेने के लिए उसने अपने माता-पिता से जिद की और उसके माता-पिता मान गए और स्कूल मे दाखिला लेते ही उसकी सोच का बिलकुल उल्टा हुआ। वह और अच्छे दोस्त ~~बनने~~ गए और वह स्कूल का टॉपर बना ~~500 मे~~ 500 मे से 466 ~~मार्क्स~~ अंक लाकर ~~वो~~ भी ~~तीन~~ बार....

– निखिल





१) ~~इस~~ ~~चित्र~~ में यह चित्र दिखावती कि खुशी को जा~~स्हा~~ रहा हैं।

२) इस चित्र मे दो बच्चे एक दूसरे को मिठाई खिला रहे हैं।

३) इस चित्र मे दो बच्चे पटाखा-रोकेट उडा रहे हैं।

४) इस चित्र मे एक बच्चा अनार ~~उड़ा~~ रहा है चला

Saathi 139

Date __/__/____

है।

4) सभी बच्चे बहुत खुश हैं।




पाठ - 12

Saathi 150

सोमवार

Date 1/11/2021

## (12) गुरु और चेला

गुरु एक थे और था एक चेला,
चले घूमने पास में था न धेला।
चले चलते-चलते मिली एक नगरी,
चमाचम थी सडकें, चमाचम थी डगरी।

मिली एक ग्वालिन धरे शीश गगरी,
गुरु ने कहा तेज ग्वालिन न भग री।
बता कौन नगरी बता कौन राजा,
कि जिसके सुयश का यहाँ बजता बाजा।

कहा बढ़के ग्वालिन ने महाराज पंडित,
पधारे भले हो यहाँ आज पंडित।
यह अंधेर नगरी है अनबूझ राजा।
टके सेर भाजी, टके सेर खाजा

गुरु ने कहा - जान देनी नहीं है,
मुसीबत मुझे मोल लेनी नहीं है।
न जाने की अंधेर हो कौन छन में?
यहाँ ठीक रहना समझता न मन में।

Page No.

Saathi 151

Date __/__/____

गुरु ने कहा ~~किन्तु~~ किंतु चेला न माना,
गुरु को विवश हो पडा लौट जाना।
गुरु जी गए किंतु रह गया चेला,
यही सोचता होगा मोटा अकेला।

---

सोमवार

Saathi 152

Date 1/11/2021

गंगा जल संरक्षण पर अनुच्छेद लिखो

गंगा गंगोतरी से निकलने वाली एक पवित्र नदी है। हजारों सालों से यह भारत की भूमि को सींच रही है और लोगों की प्यास बुझा रही है। हिंदु मान्यताओ के अनुसार यह पापों को धोने वाली नदी है। यह सभी तथ्य इसके संरक्षण को अति महत्वपूर्ण बना देते हैं। समय-समय पर लोगों और सरकारों के प्रयास से गंगा को संरक्षित किया जाता रहा है; परन्तु यह सभी प्रयास कम ही रहे हैं। वर्तमान समय में गंगा दयनीय स्थिति में है। संरक्षण हेतु इसमें कूडा-कचरा और कारखानों का गंदा पानी नहीं डालना चाहिये। घाटों आदि की मरम्मत करवाना अनिवार्य है। अत्यधिक मछलियाँ पकडने से गंगा का वातावरण बिगड गया है, उसे सुधारना जरूरी हो गया है। वास्तव में प्राणी मात्र की गलतियों की वजह से गंगा प्रदूषित हुई है। हम देशवासियों की जागरुकता ही गंगा को इस स्थिति से उभार सकती है।

Date 3 / 11 / 2021

# गुरु और चेला

(शब्द-अर्थ)

| | |
|---|---|
| चेला | शिष्य, शागिर्द, छात्र |
| गुरु | ~~शिक्षक~~ अध्यापक |
| धेला | रुपैसा |
| किंतु | मगर |
| डगरी | रास्ता |
| ग्वालिन | गाय पालने वाली औरत |
| शीश | सिर, मस्तक |
| नगरी | कस्बा |
| सुयश | प्रसिद्धि, शोहरत (शोहरत |
| फौरन | जल्दी |
| पधारे | आये, आमद |
| दनादन | जल्दी-जल्दी शीघ्रता |
| भाजी | सब्जी |
| जल्लाद | फाँसी पर चढ़ाने वाले आदमी |
| मुसीबत | समस्या, तकलीफ |
| हुक्म | आदेश |
| विवश | मजबूर |
| गफलत | भूल |
| हाट | बाजार |
| भिश्ती | पानी भरने वाले |
| खता | गलती |

सोमवार

Date 8 / 11 / 2021

# गुरु और चेला

पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो:

गुरु एक थे
और था एक चेला
चले घूमने पास में न था धेला
चले चलते-चलते
मिली एक नगरी
चमाचम थी सड़कें
चमाचम थी डगरी
मिली एक ग्वालिन
धरे शीश गगरी
गुरु ने कहा तेज ग्वालिन न भगरी
बता कौन नगरी बता कौन राजा
कि जिसके सुयश का यहाँ बजता बाजा।

प्रश्न चलते-चलते उन्हें क्या मिली?
उत्तर चलते-चलते गुरु और चेला को एक नगरी मिली।

प्रश्न उस नगरी की सड़कें और डगरी कैसी थी?
उत्तर उस नगरी की सड़कें और डगरी

Sadathi

Date __/__/__

चमाचम थी।

प्रश्न-३ ग्वालिन ने शीश पर क्या धरा हुआ था?

उतर ग्वालिन ने शीश पर गगरी धरी हुई थी।

प्रश्न-४ ऊपर लिखी पंक्तियाँ किस कविता से ली गई है?

उतर ऊपर लिखी पंक्तियाँ 'गुरु और चेला' कविता से ली गई है।

~~प्रश्न-५~~ इस कविता के कवि का नाम बताओ?

इस कविता के कवियित्री का नाम ~~सुभद्रा कुमारी चौहान~~ है। सोहन लाल द्विवेदी (कवयित्री)

प्रश्न ५) इस कविता के कवि का ~~नाम~~ नाम बताओ?

उत्तर 'गुरु और चेला' कविता के कवि सोहन लाल द्विवेदी।

अर्थव्यवस्था

सोमवार

Sadathi

Date 15/11/2021

→ गुरु और चेला ←

टके की बात

प्रश्न-१) टका पुराने जमाने का सिक्का था। अगर आजकल सब चीजें एक रुपय किलो मे मिलने लगी तो इससे क्या-क्या ~~फाई~~ फ़ायदे और नुकसान होंगे?

~~प्रश्न~~ उत्तर) अगर आजकल सब चीजें एक रुपय किलो मे मिलने लगी, तो इससे जनता को बहुत फायदा होगा, क्योंकि उन्हे हर चीज एक रुपय किलो मे मिलने लगेगी। लेकिन वहीं दुकानदारो तथा विक्रेताओं को नुकसान होगा, क्योंकि उन्हे हर चीज एक रुपय किलो मे बेचनी पडेगी, जिससे उन्हे कोई फ़ायदा नहीं होगा।

प्रश्न २) भारत में कोई चीज खरीदने-बेचने के लिए 'रुपय' का इस्तेमाल होता है और बांग्लादेश मे 'बांग्लादेशी टका' का। 'रुपय और बांग्लादेशी टका' क्रमश: भारत और बांग्लादेश की मुद्राएँ हैं। नीचे लिखी देशों की मुद्राएँ कौन सी है?

Page No.

सुरक्षित

Salathi

Date

सऊदी अरब, जापान, फ्रांस, इटली, इंग्लैंड।

उत्तर =

| | |
|---|---|
| देश | सऊदी अरब जापान फ्रांस इटली |
| मुद्राएँ | दीनार येन यूरो यूरो |

| | |
|---|---|
| देश | इंग्लैंड |
| मुद्राएँ | ~~पौंड-स्टर्लिंग / पाउण्ड स्टर्लिंग~~ पाउण्ड स्टर्लिंग। |

प्रश्न स्वामी का अपनी दादी के साथ कैसा रिश्ता था?

उत्तर स्वामी का अपनी दादी के साथ प्यार-भरा रिश्ता था। स्वामी अपनी दादी की गोद मे स्वयं को ~~सुरक्षित~~ महसूस करता था। साथ ही अपनी दादी के साथ बहुत खुश रहता था।

सुरक्षित

(13) स्वामी की दादी

सोमवार पाठ-13

Salathi

Date 29.11.2021

कहानी से:

प्रश्न1) ~~सद~~ "सच? राजम बड़ा बहादुर लड़का है।" स्वामी को क्यों लगा की दादी ने यह बात उसे खुश करने के लिए कही?

उत्तर) दादी ने यह बात उसे खुश करने के लिए कही थी, लेकिन स्वामी को ऐसा इसीलिए लगा क्योंकि दादी राजम को अच्छी तरह नही जानती थी।

प्रश्न2) मैडल से चूड़ियाँ बनवा लेने पर दादी ने बूआ को महामूर्ख क्यों माना?

उत्तर) मैडल से चूड़ियाँ बनवा लेने पर दादी ने बूआ को महामूर्ख इसलीए माना क्योंकि दादी जी को वह मैडल ~~म~~ एम॰ए॰ करने पर मिला था। वह उनकी सफलता की निशानी थी, लेकिन बुआ ने उसे गलवाकर चूड़ियाँ बनवाली थी।

प्रश्न3) पाठ के आधार पर दादी या स्वामी के स्वभाव, आदतों आदि के बारे में तुम्हें क्या पता चलता है? किसी एक बारे में दस-बारह वाक्य लिखो?

उत्तर) स्वामी के छोटा-सा बच्चा था। वह अपनी दादी के साथ रहकर

Page No.

Date __/__/__

रहकर खुश था और दादी से बहुत प्यार करता था। वह अपनी दोस्त की बातें अपनी दादी को बहुत बढ़ा-चढ़ा कर बताता था, लेकिन दादी उसकी बातों पर ध्यान नहीं देती थी। इसलिए स्वामी को गुस्सा आता था, उसे पुरानी बाते सुनना अच्छा नहीं लगता था, वह दादी को अपनी बाते ध्यान से सुनने के लिए कहता था लेकिन स्वयं उनकी बात ध्यान से नहीं सुनता था।

तुम्हारी समझ से

प्रश्न २) स्वामी ने राजम को "ऊँची चीज" माना। क्या तुम स्वामी की राय से सहमत हो? अपने उत्तर का कारण भी लिखो।

उत्तर हाँ, हम स्वामी की राय से सहमत हैं, क्योंकि राजम के पास पुलिस की वर्दी थी, उसके पिता पुलिस अधीक्षक थे, राजम पढ़ने लिखने मे बहुत होशियार था और उसने छोटी उम्र मे ही शेर मारा था।

प्रश्न २(अ) "स्वामीनाथन के दादा रौबदार सब-मेजिस्ट्रेट थे।"। किसी व्यक्ति का रौब उसकी किन बातों से पता चलता है?

उत्तर किसी व्यक्ति का रौब उसके पद, उसके व्यक्तित्व, उसे कितने लोग डरते हैं और कितने लोग उसका आदर-सम्मान करते हैं, से पता चलता है।

प्रश्न २(आ) क्या तुम्हारे आसपास कोई रौबदार व्यक्ति है। शब्दों के जरिए उसका खाँचा खीचों।

उत्तर हाँ, हमारे पड़ोस में एक रौबदार अंकल हैं। वह पुलिस में हैं। उनके बड़ी-बड़ी मूछे हैं। उनका शरीर भी काफी मजबूत है। उनकी आवाज़ भी बहुत बुलंद है और वह सदा खुश रहते हैं सभी लोग उन अंकल का सम्मान करते हैं।

प्रश्न २) स्वामीनाथन दादी के पास.... बहुत प्रसन्न और सुरक्षित महसूस कर रहा था" तुम कब असुरक्षित महसूस महसूस करते हो?

उत्तर जब मैं अकेला होता हूँ या अपने माता-पिता से दूर होता हूँ, तब मैं असुरक्षित महसूस करता हूँ।

Date __/__/____

प्रश्न 3 तुम इन हालात में कैसा महसूस करते हो :-

(क) जब तुम पहली बार किसी के घर जाते हो।

(ख) दोस्त के घर में।

(ग) रेलगाडी या बस में किसी सफ़र पर

(घ) जब तुम मुख्याध्यापक के कमरे में जाते हो।

क जब हम पहली बार किसी के घर जाते है, तो हम थोड़ा-सा अजीब महसूस करते है।

(ख) दोस्त के घर में हम बहुत खुशी महसूस करते है।

(ग) रेलगाडी या बस से सफ़र करते समय... हम बहुत ही खुश होते है।

(घ) जब हम मुख्याध्यापक के कमरे में जाते है, तो हम थोड़ा-बहुत डर जरूर लगता है। जो कि साधारण सी बात है।

(13) स्वामी की दादी

Date 01/11/2021

दादी का बक्सा

"उनका (दादी) का सामान था - पाँच दरियां, तीन चादरें,..... लकडी का एक छोटा बक्सा जिसमें ताम्बे के सिक्के, इलायची, लौंग और सुपारी पडे रहते थे।"

प्रश्न1) दादी अपने बक्से में इलायची, लौंग और सुपारी क्यों रखती होंगी?

उत्तर दादी अपने बक्से में इलायची लौंग और सुपारी इसलिए रखती होंगी क्योंकि उनको खाना खाने के बाद यह सब खाने की आदत होगी।

प्रश्न2) क्या तुम्हारे घर में इनका इस्तेमाल होता है?

उत्तर हाँ, हमारे घर में इनका इस्तेमाल होता है। हम इनका इस्तेमाल खाना और हवन में करते है

प्रश्न3) ताँबे के सिक्के बनाने के लिए किस किस धातु का इस्तेमाल होता है?

उत्तर ताँबे के सिक्के बनाने के लिए ताँबा तथा लोहे का इस्तेमाल किया जाता है।

* कानून के प्रशासन का प्रभारी सिविल अधिकारी।



प्रश्न 4) सिक्के किस-किस धातु के बने होते हैं?

उत्तर सिक्के ताँबे, सोना, चाँदी, लोहे, पीतल, गिल्ट आदि धातुओं द्वारा बने हो सकते हैं।

पता करो

प्रश्न 1) सब-मजिस्ट्रेट कौन होता है? क्या वह पुलिस विभाग में होता है?

उत्तर सब-मजिस्ट्रेट एक जज होता है, वह पुलिस विभाग में नहीं होता है। *

प्रश्न-2) तुम्हारा घर या स्कूल किस थाने में आता है? थाने में कौन-कौन से पद होते हैं? उन व्यक्तियों के भी नाम पता करो जो ~~लोग~~ इन पदों पर हैं, नीचे दी गई तालिका में इक्ट्ठा की गई जानकारी को दर्ज करो।

| थाने का नाम: | सरवाल पुलिस स्टेशन |
|---|---|
| पद: | व्यक्ति का नाम |
| एस० एस० ओ | श्री वी०के० सिंह |
| इंस्पेक्टर | श्री राजवीर राठी |
| हवलदार | श्री वी०के० शर्मा |
| सब-इंस्पेक्टर | श्री सुखवीर सिंह |
| सिपाही | श्री किशनपाल मीणा |



शब्दों की बात

प्रश्न-1) नीचे पहले स्तंभ के रेखांकित विशेषणों के शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो तुम एक से अधिक शब्दों का भी इस्तेमाल कर सकते हो।

~~उत्तर~~

| | |
|---|---|
| उलजलूल कल्पना | चेतावनी |
| रूखा स्वर | मिठास |
| खूँखार डाकू | समर्थन |

उत्तर 1. हमें कभी भी उलजलूल कल्पना का समर्थन नहीं करना चाहिए।

2. राम ने मुझे कहा कि रूखा स्वर (भरा स्वर) मिठास की नहीं है।

3. खूँखार डाकू पुलिस की चेतावनी सुनकर भाग गया।

प्रश्न 2) नीचे कहानी के कुछ वाक्यों के अंश दिए गए हैं। इनमें से जिन शब्दों के नीचे रेखा खींची गई है उनका सही लिंग पहचानो और लिखो।

पुलिस की वर्दी = स्त्रीलिंग

काफी बड़ा दफ्तर = पुल्लिंग

ताँबे के सिक्के = पुल्लिंग

Saathi 15

Date __/__/__

अपने सारे सामान - पुल्लिंग
दसवाँ हिस्सा = पुल्लिंग
उस जैसा महामूर्ख = पुल्लिंग

## नवीन शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| १ | बैठक | १० | महसूस |
| २ | हवादार | ११ | ताँबा |
| ३ | कोठरी | १२ | भभकती |
| ४ | अँधेरा | १३ | इलायची |
| ५ | सामान | १४ | दफ्तर |
| ६ | तकिया | १५ | अध्यापक |
| ७ | पटसन | १६ | ~~अधीक~~ अधीक्षक |
| ८ | भारी-भरकम | १७ | |
| ९ | वातावरण | १८ | |
| १० | सुरक्षित | १९ | |
| | | २० | |

## शब्द अर्थ

शब्द अर्थ वाक्य
1 संदेह शक शक करना बुरी आदत है।
2 वर्गाकार चौकोर पृथ्वी का आकार वर्गा नहीं है
3 प्रसन्न खुश अच्छे अंक लाने के बाद हर विद्यार्थी प्रसन्न होता है।
4 कार्यालय ~~दफ्तर~~ दफ्तर अपने दफ्तर को हमेशा स्वच्छ रखना चाहिए

Saathi 16

## शब्दार्थ 3

शब्द अर्थ वाक्य
5 समर्थन साथ लोगों को जो अच्छा लगता है वह उस बात का समर्थन करते हैं।
6 चकित हैरान साँप को देखकर सब चकि रह गए।
7 रेशा धागा रेशम का रेशा बड़ा कोम होता है।
8 खूँखार डरावना खूँखार डाकू पुलिस की चेतावनी सुनकर भाग खड़ा हुआ।
9 यकीन विश्वास हमें प्रभु पर यकीन करना चाहिए।
10 ऊलजलूल बेकार ऊलजलूल बातों में यदि रस हो भी तो फायदा नहीं होता
11 मामूली सामान्य कोई व्यक्ति मामुली नहीं होता; हर व्यक्ति में कोई न कोई गुण होता है।
12 वर्दी पोशाक राजम के पास पुलिस की वर्दी थी।
13 चेतावनी सावधान करना डाकू की चेतावनी सुनकर गाँव वाले डर गए।

हिन्दी

सुलेख पुस्तक

3/12/21

दिनाँक: 3/12/21
दिन: शुक्रवार

(14) बाघ आया उस रात


पाठ-14

Page 3

प्रश्न 2) "वो इधर से निकला, उधर चला गया"

क: यह बात कौन किसे बता रहा है?
उत्तर यह बात बेटू छोटू को बता रहा होगा। (होगा)

ख: तुम्हें यह उत्तर कविता के किन पंक्तियों से पता चला? कविता की
उत्तर: हमें यह उत्तर निम्नलिखित पंक्तियों से पता चला -
छोटू बोला..... पाँच-साला बेटू ने हमें फिर से आगाह किया।



6/12/21
दिन:
सोमवार

(14) बाघ आया उस रात

Date
Page

विषय: ख़बर तेंदुए की

प्रश्न २) कक्षा २ की रिमझिम के अखबार में छपा समाचार दिया गया है। साथ में उस समाचार के आधार पर लिखि एक कहानी भी दी गई है। उसे एक बार फिर पढ़ो।

(क) अब 'बाघ आया उस रात' कविता के आधार पर एक 'समाचार' लिखो।

उत्तर: हिमाचल प्रदेश-
कल रात हिमाचल प्रदेश के यपलाह गाँव मे एक बाघ आ गया, जिसके कारण गाँव में अफरा-तफरी मच गई। बाघ गाँव से जल्दी ही चला गया। वह बाघ इससे पहले भी गाँव की एक नदी के पास अपनी बाघिन और अपने था दो बच्चो के साथ देखा गया थे। बाघ के इस तरह गाँव मे आने से गाँव मे डर का माहोल बन गया है। शाम होते ही सब लोग अपने-अपने घर के खिड़की-दरवाजे बंद कर लेते हैं। वन विभाग को इसकी सूचना दी गई है और वह मामले पर नज़र बनाय हुए है।

Date
Page 5

(ख) तेंदुए और बाघ में क्या अंतर है। इस काम के लिए तुम बड़ों से बातचीत भी कर सकते हो।

उत्तर तेंदुए और बाघ में निम्नलिखित अंतर है:

| | बाघ | तेंदुए |
|---|---|---|
| १) | बाघ का रंग संतरी होता हैं। | तेंदुए का रंग हलका संतरी होता है (पूरा संतरी नहीं। |
| २) | बाघ दहाड़ सकता है। | तेंदुआ दहाड़ नहीं सकता। |
| ३) | बाघ थोड़ा बडा होता हैं। | तेंदुआ थोड़ा छोटा होता है। |
| ४ | बाघ ज्यादा तेज भागता हैं। | तेंदुआ ज्यादा तेज नहीं भाग सकता। |

classmate

Date
Page

विषय: उस रात

इस कविता में एक रात की बात की गई है जिस रात को कुछ अनोखी घटना घटी थी।

प्रश्न-१) क उस रात को कौन सी अनोखी बात हुई थी?

उत्तर उस रात को गाँव में बाघ आ गया था।

ख तुम्हारे विचार से क्या यह बात सच में अनूठी है, क्यों?

उत्तर हाँ। यह बात सच में अनूठी है, क्योंकि ये जानवर जंगल में रहता है और बाघ का जंगल से बाहर आना एक अनूठी बात है।

ग उस रात को और क्या-क्या हुआ होगा, अपने साथियों के साथ चर्चा करो।

उत्तर उस रात को बाघ गाँव में आने से गाँव में हड़बड़ी मच गई होगी। लोग बाघ को भगाने के लिए इकट्ठा हुए होंगे, साथ ही डर की वजह से लोग समूह में उस बाघ को

classmate

Date
Page 7

मारने के लिए घूम रहे होंगें। बच्चों को घरों के अंदर बंद कर दिया होगा।

~~प्रश्न~~ विषय: बाघ के काम

"बाघ कहीं काम नहीं करता, न किसी दफ्तर में, न कॉलेज में।"

प्रश्न २) बाघ दिन भर क्या-क्या करता होगा? कहाँ-कहाँ जाता होगा?

उत्तर बाघ दिन भर जंगल में घूमता होगा और शिकार करता होगा। वह जंगलों के अलावा पहाड़ों, झरनों, तथा नदी पर भी जाता होगा।

विषय: आँखें फैलाकर

"वो इधर से निकला, उधर चला गया वो आँखें फैलाकर बतला रहा था।"

प्रश्न ३) नीचे आँखों से जुड़े कुछ मुहावरे दिए गए हैं। इनका वाक्यों के प्रयोग करो।

- आँखें लगाना — आँख बचाना
- आँखें दिखाना — आँखें भर आना
- आँख मूँदना — सिर आँखों पर बैठना

उत्तर आँखें लगाना: नींद आना

= कहानी सुनते-सुनते विशाखा की आँख लग गई।

classmate
Date
Page 8

आँख दिखाना : डराना (डराना)

वाक्य: ~~मोहन को देख उसे आँखे दिखाकर~~ ~~...~~

बच्चे की गलती पर माँ ने आँख दिखाई।

आँख मूँदना : ध्यान न देना

वाक्य हमे गलत काम को देख आँखे नहीं मूँदनी चाहिए, बल्कि उसे रोकना चाहिए।

आँख बचाना : चुपचाप निकलना

वाक्य उधार के रुपए लौटाने के डर से मनोज आँख बचाकर भाग रहा था।

आँखे भर जाना : पीड़ा पहुँचना / दर्द होना

वाक्य: एक कबूतर को मरते देख मेरी आँखे भर आई।

सिर आँखो पर बैठना : बहुत इज्जत देना

वाक्य: ~~टी~~ २०-२० विश्व ~~...~~ जीतने पर भारतीय टीम को लोगों ने सिर आँखो पर बिठा लिया।

विषय: शब्दों की दुनिया

प्रश्न के पाँच साला बेटू ने हमें फिर से आगाह किया।

आश्चर्य

classmate
Date
Page 9

अ आगाह का क्या मतलब होता है।

उत्तर सचेत किया

ख कविता में कौन सा भाव झलकता है

उत्तर कविता में सचेत करने का भाव झलकता है।

ग किन किन पंक्तियों / शब्दो से यह भाव व्यक्त हो रहे हैं? (व्यक्त)

आश्चर्य

"आश्चर्य, डर, अविश्वास"

उत्तर आश्चर्य : "जो इधर से निकला, उधर चला गया"

डर "आप रात को बाहर निकलो"

अविश्वास : "न किसी दफ्तर में, न कॉलेज में"

घ जब हम कविता के जरिए कोई बात कहते हैं तो आम तौर पर शब्दों ~~को~~ के क्रम को बदल देते हैं।

• जैसे, कविता का शीर्षक "बाघ आया उस रात", गद्य में "उस रात बाघ आया" होगा। ऐसा क्यों किया जाता है? होगा?

उत्तर ऐसा कविता में लय-तुक तथा कविता में प्रवाह लाने के लिए किया जाता है।

• इस किताब की दूसरी कविताएँ भी पढ़ो

और शब्दों के क्रम में आए बदलाव पर गौर करो। ऐसे ही कुछ ~~कवि~~ वाक्यों की सूची बनाओ।

उत्तर अन्य कविताओं मे शब्दों के क्रम में आए बदलाव-

≈ सीटी भी है कई तरह की।

≈ है छोटी-छोटी तलवार।

≈ थोड़ा घबराते भी थे हम उससे।

≈ गुरु एक थे और था एक चेला।

≈ टके सेर मिलती थी रबड़ी मलाई।

ङ. पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ संख्या - ११६ पर बने अखबार के कोलाज को देखो और बताओ कि क्या अखबार में भी शब्दों का क्रम बदला जाता है?

उत्तर हाँ - किस तरह के बच्चे होते है अच्छे।

अठारह (१-८) घंटे की देरी से चलेंगी रेलगाड़ियाँ।


कोहरे के असर से मंद पड़ी ट्रेन व बसें

स्वीपर कर रहे डॉक्टर का काम।

इस बार होगा बच्चों को रिझाना कठिन



# छुट्टियों का कार्य



दिनांक: 3/1/22
दिन: सोमवार

## (15) बिशन की दिलेरी

Page: 24

विषय: कहानी से:

प्रश्न:१) "जी हाँ, हमारे पास लाइसेंस वाली बंदूकें हैं। सरपंच माधोसिंह भी हमें जानते हैं।" शिकारियों ने क्या सोचकर ऐसा कहा होगा?

उत्तर: शिकारियों ने सोचा होगा कि अगर वे ऐसा बोलते हैं तो कर्नल साहब इन्हे छोड देंगे, वरना वह उन्हे डाँटेगे।

प्रश्न:२) बिशन घायल तीतर को क्यो बचाना चाहता होगा?

उत्तर: बिशन घायल तीतर को इसलिए बचाना चाहता था, क्योंकि उसे शिकारियों द्वारा तीतरों को मारना बहुत बुरा लगता था। वैसे भी वह जानता था कि शिकारी इस तीतर को खेत से ढूँढ नही पाएँगे और घायल तीतर यही तडप-तडपकर अपने प्राण त्याग देगा।

प्रश्न:३) घायल तीतर को बचाने के लिए उसे किन परेशानियों से गुजरना पडा?

उत्तर: उसे काँटेदार झाडियों से गुजरना पडा, वह घुटने के बल चल रहा था, जिस कारण उसके हाथ-पाँव में काँटे भी चुभ गए थे। वह काफी देर तक दौडता रहा, जिससे उसकी कमीज पसीने से

Page: 25

गीली व फट भी गई थी।

प्रश्न४) अगर वह घायल तीतर तुम्हे मिलता तो क्या तुम उसे पालते या ठीक होने पर छोड देते? क्यों?

उत्तर: अगर वह घायल तीतर मुझे मिलता तो मैं उसे ठीक होने पर छोड देता क्योकि हर पशु-पक्षी को स्वतंत्र रहने का अधिकार है।

विषय: भाषा की बात

प्रश्न:१) इन वाक्यों को अपने शब्दों में लिखो:-

- सुबह की हलकी धूप में खेत सुन्दर लग रहे थे।

→ सुबह की हलकी धूप में खेत बहुत खूबसूरत दिख रहे थे।

- वह इतना तेज चल रहा था कि मानो उसके पंख लगे हुए थे।

→ वह इतना तेज भाग रहा था मानो उसके अंदर किसी चीता की आत्मा घुस गई हो।

वह इतना तेज चल रहा था कि जैसे उसके पंख लगे हुए थे।

प्रश्न:२) "तीतर स्वेटर में फंस गया तो बिशन ने उसे अपने सीने से चिपका लिया।"

classmate
Page 26

ऊपर लिखे वाक्य में उसे शब्द का इस्तेमाल तीतर के लिए किया गया है। एक ही संज्ञा का इस्तेमाल बार-बार करने की बजाए हम कुछ खास शब्दों का इस्तेमाल करते हैं जिन्हे हम सर्वनाम कहते हैं। नीचे लिखे वाक्यों में सर्वनाम का सही रूप छाँटकर लिखो।

क) मास्टर साहब ने अप्पाराव को अपने पास बुलाकर कहा, "तुम कल मेरे घर आना।"

ख) सेटिला तुम्हारा घर नागालेंड के किस शहर में है?

ग) सुधा ने अपनी बुआ से पूछा, पापा आपसे कितने बड़े है?

घ) मोहन को समझ में नहिं नही आ रहा कि उसको क्या करना चाहिए।

ङ) विमिल ने अपने अफसर को याद दिलाया कि उसे चार बजे बैठक में जाना है।

classmate
Page 27

प्रश्न:3) इन वाक्यों को पूरा करो-

क) वह इतना धीरे चल रहा था मानो....... वह कछुआ बन गया हो।

ख) रात में चमकते तारे ऐसे दिख रहे थे मानो....... आसमान में जुगनू की ही जुगनो से चमक रहे हो।

ग) तुम तो मंगल ग्रह के बारे में ऐसे बता रहे हो मानो.......... जैसे तुम वहीं के निवासी हो।

घ) बिल्ली चूहे को ऐसी ललचाई नजरों से देख रही थी मानो..... वह चूहा खाकर वह बिल्ली दुनिया की सबसे बलशाही बिल्ली बन सकती थी।

विषय फसलों के इर्द-गिर्द

प्रश्न:1) इस कहानी में सेबों की खेती और सीढ़ीनुमा खेत का ज़िक्र आया है। अनुमान लगाकर बताओ कि यह कहानी भारत के किस भौगोलिक क्षेत्र होगी और वहाँ सीढ़ीनुमा खेती क्यो की

जाती होगी?

उत्तर यह कहानी भारत के उत्तरी भाग की होगी। वहाँ सीढ़ीनुमा खेती समतल भूमी के अभाव के कारण की जाती होगी। हिमाचल या कश्मीर ऐसी ही भाग हैं। वैसे भी इन क्षेत्रों में भारी वर्षा और बर्फबारी के कारण सीढ़ीनुमा खेत बनाए जाते हैं जिससे बारिश का पानी खेत को नष्ट ~~नष्ट~~ न कर सके।

प्रश्न-२) "सेबों के बाग में कीटनाशक दवा का छिड़काव हो रहा था," यूँ तो कीटनाशक दवाएँ फलों, ~~सब्ज~~ सब्जियों और अनाज को कीड़ा लगने से बचाने के लिए किया जाता है।

(क) यह कीटनाशक दवाएँ कीड़ों को नष्ट करती हैं। क्या इसको सेवन करने से हमें भी नुकसान हो सकता है?

उत्तर) फलों, सब्जियों और अनाज की फसलों को कीड़ों से बचाने के लिए कीटनाशक दवाओं को उपयोग में लाया जाता है। यह दवाएँ कीड़ों को नष्ट करती हैं लेकिन इसमें जहर की मात्रा बहुत कम होती है पर फिर भी हमें कोई भी फल



या सब्जी खाने से पहले उसे धोना चाहिए और काट कर खाना चाहिए। ताकि हमारे पाचन तंत्र को नुकसान न हो।

(ख) ऐसे में फलों और सब्जियों का इस्तेमाल करने से पहले किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

उत्तर: फलों और सब्जियों को कीड़ों से बचाने के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाता है इसलिए हमें फल-सब्जियों को अच्छे से धोना चाहिए, ~~सब्जि सब्जी-फल को हमेशा काट कर और फलों को~~ पकाकर ~~हमेशा काट कर धोकर खाना चाहिए। कटे हुए फल या सब्जी नहीं खानी चाहिए~~ और सब्जियों को पका कर खाना चाहिये।

विषय: तुम्हारे आस-पास

प्रश्न-१) कर्नल दत्ता ने घायल तीतर को गेंदे की पत्तियों का रस पिलाने के लिए कहा। पत्तों का इस्तेमाल कई कामों के लिए होता है। नीचे लिखी पत्तियों का इस्तेमाल किसलिए होता है?

उत्तर तुलसी: पूजा-पाठ करने तथा चाय में डालने में प्रयोग होती है।

नीम: फोड़े-फूंसी पर लगाने तथा

दवाइयों में प्रयोग होता है।

मीठा नीम: (करी पत्ता) सब्जियाँ व दाल बनाने में प्रयोग होता है।

आम: पूजा-पाठ्या हवन आदि में प्रयोग होता है।

अमरुद: दवाइयों में प्रयोग होता है।

तेजपत्ता: सब्जी में डालने तथा मसाला बनाने के लिए प्रयोग में लाया जाता है।

केला: पूजा-पाठ तथा भोजन करने में प्रयोग होता है।

सागवान: दोने-पत्तल बनाने तथा कपड़ो की रंगाई में प्रयोग होता है

प्रश्न-२) कर्नल साहब के कहने पर बिशन दौड़कर दवाइयों का बक्सा ले आया। इसे तुम प्राथमिक चिकित्सक बॉक्स / फर्स्ट एड बॉक्स (First aid box) के नाम से भी जानते हो।



(क) इस ~~बक्स~~ बक्से में क्या-क्या चीजे होती है?

उत्तर) इस बक्से में पैरिसटेमॉल, कपड़े की पट्टी, रुई, डिटॉल, काटने-छीलने की दवाई, कैंची, चिमटी आदि चीजे होती है।

(ख) इसका इस्तेमाल कब-कब किया जाता है?

उत्तर: इसका इस्तेमाल मामूली चोट को ठीक करने या छोटे-मोटे उपचार के लिए किया जाता है।

प्रश्न:३ तुमने पर्यावरण अध्ययन में पढ़ा होगा कि पहाड़ी इलाके में छत आमतौर पर ढलावदार बनाई जाती है। सोचकर बताओ कि ऐसा क्यों किया जाता है?

उत्तर: पहाड़ी क्षेत्रों में आमतौर पर ढलावदार छते इसलिए बनाई जाती है क्योंकि वहा बहुत बर्फ और बारिश होती है। अगर वे समतल छत बनाएँगे उनके घरों में बर्फ और पानी जमा हो जाएगा जिससे घर गिरने का खतरा रहता है

विषय: पहाड़ी इलाका

प्रश्न-१) इस कहानी में पहाड़ी, घाटी शब्दों का इस्तेमाल हुआ है, पहाड़ी इलाके से जुड़े और शब्दों को सोचो और लिखो।
उधारण: ढलान, चट्टान आदि।

उत्तर:

| | |
|---|---|
| ढलान, चट्टान | चट्टानी, असमतल |
| टेढ़ा-मेढ़ा, कांटीला | सीढ़ीनुमा, पगडंडी |
| संकरा, पथरीला | झाड़ी, छप्पर |
| ऊंचा-नीचा, कठोर शुष्क | बर्फबारी, चोटियाँ |
| खुला, बर्फीला | पत्थर, समतल आदि |


विषय

## तीतर

प्रश्न: पहेली: तीतर के आगे दो तीतर
तीतर के पीछे दो तीतर
बोलो कितने तीतर

उत्तर तीन तीतर

प्रश्न२: नीचे तीतर का चित्र दिया गया है, गौर से देखो और उसका वर्णन करो। तुम यह चौथी में कर चुके हो।





उत्तर तीतर एक छोटा सा पक्षी होता है। यह दिखने में बहुत सुन्दर होता है। इसके छोटे-छोटे पंख होते हैं। यह फुदक-फुदक कर चलता है और हल्की उड़ान भी भरता है। तीतर झुण्ड में रहते हैं तथा लड़ने में तेज होते हैं।

प्रश्न३) तीतर के बारे में और जानकारी इकट्ठा करो। जैसे: तीतर का घोंसला, वह क्या खाता है आदि।

उत्तर तीतर छोटे-छोटे तिनकों से अपना घोंसला बनाता है। वह हरी-हरी पत्तियाँ, छोटे-मोटे कीड़े तथा फल-फूल खाता है। यह दिखने में भूरे रंग का होता है। गाँव में तीतर की लड़ाई कराई जाती है। कुछ लोग इसका मांस भी खाते हैं।